हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024



नवरात्रि विशेष



## नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्हीं के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रूप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है, तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुरों को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक है। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्रि की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती है। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है- सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि। सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

# महाअष्टमी आजः मंदिरों में हवन-पूजन, सजेगा मां का दरबार

## कई मंदिर समितियां आज ही अष्टमी के साथ नवमी भी मना रही, कुछ कल करेगी ज्योत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



क्वांर नवरात्र पर्व के तहत महाअष्टमी पर्व कल 11 अक्टूबर को मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। इस मौके पर विधि-विधान से हवन-पूजन किए जाएंगे। इसके साथ ही जोत जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

ज्ञात हो कि क्वांर नवरात्र पर्व 3 अक्टूबर से शुरू हो चुका है। पर्व के दौरान अंचल के देवी मंदिरों में ज्योत जंवारा स्थापित किया गया है। वहीं बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा विशाल पूजा पंडालों में देवी मां की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना सहित विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

पर्व के तहत अष्टमी की तिथि को लेकर लोगों के बीच असमंजस की स्थिति रही। पंचाग के अनुसार 10 अक्टूबर को दोपहर 12.31 बजे से अष्टमी पर्व प्रारंभ हो चुका है, जो 11 अक्टूबर को दोपहर 12.6 मिनट तक रहेगा। इस लिए बड़ी संख्या में भक्त उदयातिथि को मानते कल 11 अक्टूबर को महाअष्टमी पर्व मनाने की तैयारियों में है। शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक हवन-पूजन का आयोजन देवी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में जारी रहेगा।

### खास बातें

- आज दोपहर से लगेंगे नवमी तिथि
- कल मनाया जाएगा दशहरा का पर्व





### हवन बाद शुरू होगा विसर्जन का सिलसिला

अष्टमी हवन के पश्चात कन्याओं को भोजन कराने एवं मंदिर एवं पूजा पंडालों में रखे जोत जंवारा को विसर्जन करने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान देवी मंदिर व पूजा पंडालों एवं तालाब में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बने रहने की संभावना है। बड़ी संख्या में भक्त व्रत रखकर विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना करेंगे एवं कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस दौरान पूजा-अर्चना सामग्रियों की मांग लोगों के बीच बनी हुई है।

### मंदिर व पूजा पंडालों में उमड़ रही भक्तों की भीड़

नवरात्र पर्व के दौरान ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर के मंदिरों पूजा पंडालों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी हुई है। जयकारों की गूंज से भक्तिमय माहौल निर्मित है। खासकर शाम से लेकर देर रात तक लोग बड़ी संख्या में पूजा पंडालों में विराजित देवी प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। कई पूजा पंडालों में भक्तों को महाप्रसादी का भी वितरण किया जा रहा है। मंदिर से लेकर पूजा पंडालों व प्रमुख मार्गों से विद्युत सज्जा की गई है। जिससे पूरा वातावरण में भक्ति का माहौल बना हुआ है।

## इस साल होने है निकाय के चुनाव, फंड की कमी से जनप्रतिनिधि परेशान

# छह महीने से नहीं आई महापौर-पार्षदों की निधि, चुनावी साल में काम अटके!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पनगरीय निकाय चुनाव को लेकर कभी भी बिगुल बज सकता है। आने वाले तीन से चार महीने के भीतर नई शहर सरकार मिल जाएगी। ऐसे में वर्तमान शहर सरकार से जुड़े नेताओं ने भी अपनी जमीन मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि इन नेताओं को सरकार की तरफ से मिलने वाली निधि में हो रही देरी से काफी मशक्कत करना पड़ रहा है।

वित्तीय वर्ष का लगभग छह महीने गुजरने के बाद भी अब तक महापौर एवं पार्षदों की निधि नहीं आई है। ऐसे में काम तो स्वीकृत हो रहे हैं, लेकिन धरातल में उसकी शुरूआत नहीं हो पा रही है। ठेकेदार भी भुगतान में लेटलतीफी के हालात को देखते ऐसे काम करने से बचते नजर आ रहे हैं। जबकि आचार संहिता लगने के बाद निधि किसी काम की नहीं रह जाएगी। यह भी एक कारण है कि सभी जनप्रतिनिधि आचार संहिता लगने के पहले ही पूरी रकम का काम स्वीकृत करने की जुगत में है।

पार्षद भी अपने वार्ड में लोगों से समस्या जानने के साथ ही नए काम कराने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन फंड नहीं होने से उन्हें भी काम कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सत्ता दल से जुड़े पार्षद, विधायक, सांसद निधि से भी काम स्वीकृत करा अपने वार्डों में नए काम करा रहे हैं।

### निधि नहीं मिलने से वार्डों मे विकास कार्य प्रभावित

### छोटे काम भी अटके

पार्षद एवं महापौर निधि नहीं आने से वार्डवासियो के काम भी जनप्रतिनिधि नहीं करा पा रहे है। इस निधि का उपयोग पार्षद वार्ड की अतिआवश्यक जरूरतों के लिए करते हैं। आमतौर पर इससे शेड निर्माण, स्कूल में कुर्सी-टेबल, वार्ड में बैठक व्यवस्था, नाली निर्माण, सड़क मरम्मत जैसे छोटे-छोटे लेकिन आम लोगों से जुड़े कामों को कराते हैं। वार्डों में अभी नाली निर्माण जैसे कई काम अधूरे पड़े हैं।




### आने हैं निधि के सवा चार करोड़

महापौर एवं पार्षदों की निधि को मिलाकर शहर विकास के लिए कुल सवा चार करोड़ रुपए हर साल दिए जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार इसमें महापौर निधि एक करोड़ 12 लाख एवं प्रति पार्षद निधि 6 लाख शामिल हैं। इस साल निधि का फंड नहीं आने से इससे होने वाले वार्डों में काम नहीं हो पा रहे हैं। अब वार्डवासी मांग कर रहे हैं, लेकिन महापौर-पार्षद निधि नहीं आने से वार्डों में काम नहीं हो पा रहे हैं।

### वेतन भी नहीं मिला

एक तरफ जहां महापौर एवं पार्षदों को इस वित्तीय वर्ष की निधि अब तक नहीं जारी की गई है। वहीं इन जनप्रतिनिधियो को मिलने वाला वेतन भी समय पर नहीं दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग आठ महीने से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। ज्ञात हो कि महापौर को 25 एवं पार्षदों को 15 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाता है। पार्षदों ने भी बीते दिनों मानदेय भुगतान को लेकर एक पत्र प्रशासन को सौंपा था।

### काम स्वीकृत कराने में जुटे जनप्रतिनिधि

पिछले बार अक्टूबर महीने में ही निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू कर दी गई थी। यही कारण है कि इस बार भी अक्टूबर महीने से पहले ही लगभग पार्षदों एवं महापौर ने अपनी निधि का उपयोग नए काम स्वीकृत करने के लिए कर लिया है। बताया गया कि भले ही फंड नहीं आया हो, लेकिन निधि के हिसाब से काम स्वीकृत किए जा चुके हैं। यह काम अब निधि आने के बाद तेजी से शुरू भी हो जाएंगे।

# पूजा पंडालों में बढ़ी दर्शनार्थियों की भीड़

## वाहनों की वजह से जगह-जगह जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का पर्व पर नवरात्र के अवसर पर शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में विराजित माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।



इस दौरान जगह-जगह भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन भी हो रहा है। वहीं तीन-चार पहिया वाहनों की वजह से जाम भी लग रहा है। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां शक्ति की प्रतिमा के दर्शन के लिए पंचमी के बाद से श्रद्धालुओं की भीड़ काफी बढी हुई है। शहर के स्टेशन पारा, गुडाखू लाईन, दुर्गा चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में तीन-पहिया चार पहिया वाहनों के प्रवेश की वजह से जाम की स्थिति बन रही है।

### बार-बार लग रहा है जाम

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के बीच भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद भी भारी वाहन शहर में प्रवेश कर रही है। वहीं शहर के सकरे रास्तों पर तीन और चार पहिया वाहन प्रतिबंध नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते जाम लगने की वजह से श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। वहीं जाम लगने के दौरान व्यवस्था बनाने यातायात पुलिस के जवान भी नजर नहीं आ रहे हैं।

### भंडारा प्रसादी का वितरण

शहर के विभिन्न सेवा पंडालों में विराजित शक्ति की सेवा में जुटी समितियों द्वारा इस दौरान भंडारा प्रसादी वितरण किया जा रहा है। जिसमे पोहा, हलवा, खिचड़ी लेने श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑप्रेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# गरबा के आयोजनों में पहुंचे डॉ.रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित गरबा के विभिन्न आयोजनों में शिरकत करते आयोजन समितियों का हौसला अफजाई किया। वहीं नवरात्र के अवसर पर मां शक्ति की आराधना करते पर्व को लेकर उन्होंने अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बीते बुधवार की रात राजनांदगांव शहर पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जा रहे गरबा के आयोजन में शामिल होते हुए आयोजन को लेकर उनकी सराहना की। वहीं गरबा पंडालों में पहुंचकर डॉ. रमन सिंह ने यहां मां शक्ति की आराधना करते देश और प्रदेश की तरक्की एवं खुशहाली की कामना की।



**प्रदेश में विकास के द्वार खुले :** केंद्र सरकार से छग के विकास को लेकर लगातार मिल रही राशि के मामले में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 5 साल भूपेश बघेल ने विकास के दरवाजे यहां बंद कर दिए थे, जो अब खुल गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले 11 सौ करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली और इसके बाद 7 हजार करोड़, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से 18 लाख मकान स्वीकृत हो गए हैं।

### छत्तीसगढ़ी थीम से हुए प्रभावित

लायंस क्लब के गरबा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी इस मैदान में उतर आई है, ऐसा प्रतीत हो रहा है। छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया के नारे लगाते कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना हम मां के अलग-अलग 9 स्वरूप में करते हैं। यह आयोजन अपने आप में काफी अनूठा है। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने नवरात्रि पर्व को लेकर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

### भूपेश बघेल पर साधा निशाना

शहर में आयोजित विभिन्न गरबा के आयोजन में शामिल होने पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हरियाणा चुनाव को लेकर कहा कि भूपेश बघेल जहां पहुंचते हैं, वहां कांग्रेस का बंटाधार करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने समाज के सभी वर्गों के लिए काफी काम किया है। हरियाणा के लोग जागरूक हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमको कांग्रेस से अधिक प्रतिशत वोट यहां मिला है। हमारी शानदार जीत हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड और महाराष्ट्र भी हम जीतेंगे। एग्जिट पोल को लेकर उन्होंने कहा कि सारे एग्जिट पोल ध्वस्त हो गए। वहीं ईव्हीएम के मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जहां यह लोग जीतते हैं, वहां ईव्हीएम को दोष नहीं देते और जहां हार होती है वहां ईव्हीएम पर ठिकरा फोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि इस राजनीतिक दल का कोई भविष्य नहीं है।

# छिपाकर रखी थी शराब, 260 पौवा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब ब्रिकी के खिलाफ पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान जारी है। जिसके तहत पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी द्वारा गांव में छिपाकर रखे 260 पौवा देशी प्लेन शराब को बरामद कर कार्रवाई की है।

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा जुआ, शराब, चोरी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते कार्रवाई अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत 10 अक्टूबर को थाना डोंगरगांव पुलिस ने शराब रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी विनय देवांगन पिता कुंदन देवांगन 29 साल पता बस स्टैंड वार्ड नं 8 ग्राम राजा खुज्जी थाना डोंगरगांव



द्वारा अधिक मात्रा मे शराब अपने पास रखा हुआ रंगे हाथों मिला।

### देशी प्लेन शराब बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से कुल 260 नग देशी प्लेन शराब युनिक कीमती करीबन 23400 रुपए को जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# सभी घरों में दस्तक नहीं, आधे-अधूरे में सिमटा ओबीसी सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उनके आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक भागीदारी पर सर्वे कराया जा रहा है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा ओबीसी कल्याण आयोग का गठन किया गया है। आयोग द्वारा बीते 12 अगस्त से सर्वे का काम प्रारंभ किया गया था, जो सितंबर माह में पूरा भी होना है, लेकिन इस सर्वे की जिम्मेदारी डोर-टू-डोर जिनके कंधे पर दी गई है, वह टीम सभी घरों में दस्तक नहीं दे पाई है। राजनांदगांव शहर के अधिकांश वार्डों में चंद घरों में ही सर्वे सिमट गया है।

ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए 7 एजेंडों पर कार्य करने बनी इस ओबीसी कल्याण आयोग द्वारा इसके लिए ओबीसी की 87 जाति समूह को शामिल किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर ओबीसी सर्वेक्षण कार्य में गंभीरता नजर नहीं आई। जानकारी के अनुसार शहर के वार्डों में सर्वे टीम ने चुनिंदा घरों तक ही पहुंचकर फॉर्म भरा है।

### सर्वेक्षण कार्य में गंभीरता नहीं आई नजर



फाईल फोटो

### सर्वे के नाम पर खानापूर्ति

ओबीसी कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा द्वारा 20 सितंबर को शहर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते लगभग 85 प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य पूरी होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसके 10 दिन बाद भी सर्वे टीम ओबीसी परिवारों के सभी घरों तक नहीं पहुंच पाई है। जिसकी वजह से सर्वे का पूरा कार्य खानापूर्ति नजर आ रहा है।

### कुछ घरों को छोड़कर किया गया सर्वे

ओबीसी कल्याण आयोग द्वारा कराए जा रहे सर्वे कार्य के दौरान शहर के वार्डों में आयोग द्वारा दिए गए फॉर्म ओबीसी परिवारों से जानकारी एकत्रित कर भरे गए, लेकिन सर्वेयरों द्वारा लाइन से सभी घरों में ना जाते हुए कुछ-कुछ घरों को छोड़कर सर्वे किया है। जिसमें कई ओबीसी परिवार भी छूट गए हैं।

### ओबीसी वर्ग को नहीं मिलेगा लाभ

शहर के सभी ओबीसी परिवारों का सर्वेक्षण नहीं होने से जिस मंशा के साथ आयोग का गठन किया गया है, वह पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस सर्वे के माध्यम से ओबीसी के उत्थान और कल्याण की दिशा में योजना बनाकर कार्य किया जाना है। सभी ओबीसी परिवारों का सर्वे नहीं होने की वजह से सही डाटा आयोग तक नहीं पहुंच पाएगा।

### छूट रहे ओबीसी परिवार

ओबीसी कल्याण आयोग द्वारा ओबीसी परिवारों के सर्वे के लिए डोर-टू-डोर टीम को भेजा जाना था, जहां ओबीसी परिवार के लोगों से उनकी चल-अचल संपत्ति, नौकरी, शिक्षा, व्यवसाय, आमदनी सहित 53 सवाल पूछे जाने थे, लेकिन सर्वे टीम अब तक शहर के सभी घरों में नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में सर्वे का पूरा काम आधे- अधूरे में सिमटता नजर आ रहा है।

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त



डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)


उपलब्ध सुविधाए
- मुँह के छाले एवं कैंसर
- जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
- मुँहके कम खुलने का इलाज ।
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
- दांतों के इम्पलान्ट्
- कटे फटे होंट एवं तालु
- चेहरे एवं घावों का उपचार

आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654

नगद खरीदें • सस्ता खरीदें
क्रेडिट व डेबिट कार्ड स्वीकार्य
दशहरा व दीपावली के शुभ अवसर पर पूरे परिवार का कपड़ा खरीदने व उपहार पाने का सुनहरा मौका
प्रशांत क्लॉथ मर्चेन्ट
थोक भाव में शहर का रिटेल कपड़ा दुकान
प्रकाश होलसेल बाजार
Mo. 9981640064, 9993734455
सीधे कंपनी के भाव में 1 अक्टूबर से 1 नवंबर 2024 तक
सूरत साड़ी मेला
नया स्टॉक • नई डिजाईन • फुलरेंज
साड़ियां | टॉप व कुर्तियां | मेन्सवीयर | सूटिंग-शर्टिंग | हैण्डलूम
एवं समस्त रेडिमेड आइटम
शुक्ला मार्केट, चंडी मंदिर के पास, डोंगरगांव


थाना चौक, छुईखदान



हाई स्कूल मैदान, छुईखदान



सरस्वती उत्सव समिति, श्यामपुर



राजमहल चौक, छुईखदान


जमुना चौक, छुईखदान


डीपरापारा, छुईखदान


जैन मोहल्ला, छुईखदान


बाजार लाईन, छुईखदान


बड़े कालोनी, छुईखदान


श्री राम गौ सेवा समिति, छुईखदान


केंवट पारा, छुईखदान


बाल योगी मां दुर्गा उत्सव समिति

### आकर्षक दुर्गा पंडालों में देर रात तक उमड़ रही भीड़

# विभिन्न रूपों में विराजी देवियां आराधना में श्रद्धा से जुटे भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नवरात्रि के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मां दुर्गा को विभिन्न स्वरूपों में विराजित किया गया है। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुबह- शाम माता के भजनों आरती सहित विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। नगर में प्राचीन काल से मां काली, शीतला और मां महामाया विराजमान है। वहीं 50 वर्षों से बाजार लाईन सहित विभिन्न मोहल्लों दुर्गा स्थापित किया जा रहा है। नगर में मां बम्लेश्वरी देवी दर्शन के लिए डोंगरगढ जाने वाले पदयात्रियों के लिए स्टेट बैंक के सामने सेवा पंडाल लगाया गया है। वहीं लगभग दो किमी दूर पंडाल लगाकर भोजन, नाश्ता, तेल मालिश आदि का प्रबंध किया गया है।

## गरबा की धूम

स्थानीय फुटबाल मैदान में गरबा का आयोजन किया गया है, जिसे लेकर लोगों में खासा उत्साह है। आयोजन में महिलाओं की रूचि अधिक देखी जा रही है। यहां हर बरस गरबा का आयोजन किया जाता है जिसमें महिलाएं, बच्चे, जन प्रतिनिधि, व्यापारी उपस्थिति देकर उत्साहवर्धन करते हैं। इस साल 7 से 10 अक्टूबर तक गरबा का आयोजन किया गया।

## 50 साल से प्रतिमा स्थापना

नगर की बाजार लाइन में दुर्गा स्थापना का पचासवां बरस है। बीते 50 सालों में समिति के कई सदस्य बिछड़ चुके हैं। समिति से प्रारंभ से जुड़े शांतिलाल सांखला, सुधीर जैन आदि ही बचे है। पुराना थाना चौक और राजमहल चौक में मां दुर्गा स्थापना का 30 साल से अधिक समय हो चुका है। जैन मोहल्ले में स्थापित मां सरस्वती एवं पंडाल की चारों ओर प्रशंसा हो रही है।

## बम्लेश्वरी को भेंट किया सेवा अर्जी

**कलकसा।** रियासत काल के गोंड राजाओं द्वारा बम्लेश्वरी के दरबार में पंचमी को सेवा अर्जी भेंट किया जाता है। इस पुरानी परंपरा को गोंड समाज तहसील इकाई ने पुनः प्रारंभ किया है। बस्तर क्षेत्र से आंगा देव के साथ गोंडी रेला पाटा एवं शहनाई की धुन में जत्रा चला जो पंचमी को पहुंचा। इसी प्रकार , बाबा नरसिंग पाठ, पनाबरस से डांग छड़ी, बूढ़ी माई की डोली ने पेन जातरा के साथ प्रज्ञागिरी सरहद में प्रवेश किया। बस्तर आए अंगा देव का गोंड समाज के लोगों ने स्वागत किया। तत्पश्चात बुढ़ाल पेन, महारानी दुर्गावती प्रागण, प्राचीन बूढ़ा देव गुफा में अंगा देव, फड़ा पेन शक्ति की पूजा अर्चना की गई। बूढ़ा देव गुफा से दाई बमलाई की सेवा अर्जी करने नीचे मंदिर पहुंचे। यहां बैगिन दाई ने आंगा देव का पानी ओरछ कर चरण धोकर प्रवेश कराया। गोंड भुमका के वंशज दीपक उइके को सेवा अर्जी भेंट किया गया। महावीर पारा स्थित शीतला, गोल बाजार में दाई बैगिन मठ, बस स्टैंड स्थित दाऊ बैगा डोकरा मठ, खुटापारा के बाबा हरदेव पाठ, पंडरी दाई से अर्जी करते हुए पुनः रानी दुर्गावती प्रागण आए। आयोजन में बस्तर, कांकेर, नागपुर, महासमुद, कोरबा, रायपुर, भिलाई, कवर्धा, दुर्ग, बेमेतरा, बिलासपुर, खैरागढ़, चौकी, डोंगरगांव, छुरिया के लोग शामिल हुए।

## सामाजिकजनों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में संतोष पड़ोती, नरोत्तम कुंजाम, मदन नेताम, रमेश उईके, तिजऊ मंडावी, सदाराम, रुदन उईके, राजेश नेताम, प्रवीण मंडावी, किशोर नेताम, नंदलाल, महेंद्र नेताम, प्यारे सलामे, मायाराम मंडलोई, मदन खुरश्याम, लादूराम तुमरेकी, फागू मंडावी, दशरथ नेताम, भुवन मंडावी, फिरतू पडोती, राधेश्याम सूर्यवंशी, मदन मंडावी, पुरषोत्तम भलावी, भीषम ठाकुर, मनोहर पुसाम, दमयंती, दिव्या भलावी, ओमकुमारी कुंजाम, सुमन पड़ोती, वंदना उईके, महावती तुमरेकी, लक्ष्मी परते, रानू मरकाम, अनिता परते, सविता मंडावी, उतरा उइके, सूरजोतिन, बरमत छेदैया, अलका पुसाम, मदन उईके, रमेश मंडावी, मनोज नेताम, हेमलाल मरकाम, नारायण मरकाम, कुंभलाल पदम, चेमसिंह, मुन्नालाल, बिसेसर, पन्नालाल, पंचम सहित अन्य मौजूद थे।

## महाष्टमी एवं जोत विसर्जन आज



**सड़क अतरिया।** शारदेय नवरात्रि पर्व के मौके पर नर्मदा मंदिर, चोरड़ाधाम एवं सिद्ध बाबा मंदिर में पूजा अर्चना एवं ज्योति दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। कल शुक्रवार को महाष्टमी मनाया जाएगा। सुबह नर्मदा मंदिर, सिद्ध बाबा मंदिर, बंजारी मंदिर, चोरड़ाधाम तथा प्रतिमा स्थलों में अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। हवन पूजन के बाद नौ कन्या को भोज कराया जाएगा। अष्टमी एवं नवमी तिथि एक दिन होने के कारण नर्मदा मंदिर में शनिवार को हवन पूजन के बाद ज्योति कलशों का विसर्जन किया जायेगा। मंदिर में स्थापित 120 में से 51 ज्योति कलश को शोभायात्रा में शामिल कर विसर्जित किया जाएगा। शनिवार को विजय दशमी मनाया जाएगा।

## गायत्री महायज्ञ आज

**डोंगरगांव।** स्थानीय गायत्री मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर नौ दिन तक आयोजित साधना एवं अनुष्ठान का समापन कल नवमी को होगा। सुबह 9 बजे से पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सहित विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। मंदिर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा ने बताया कि नवरात्रि पर्व में वेदमाता गायत्री की विशेष साधना से जीवन क विकास मे बड़ी मदद मिलती है। मान्यता है कि एकम् से नवमीं तक नौ दुर्गा जागृत रहती हैं और यह नौ दिन साधना अनुष्ठानों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त होते हैं। उन्होंने गायत्री परिजनों तथा नगरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

## नवरात्रि पर विविध आयोजन


**छुरिया।** क्षेत्र के ग्राम रेंगाकठेरा, मांगाटोला, काहड़कसा, सोनसाटोला ,खपराभाठ में नवरात्रि के अवसर पर भजन, जस झांकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित हुए। कार्यक्रमों में भाजपा नेता जगजीतसिंह भाटिया शामिल हुए। इस अवसर किशोर यादव, संजय सिन्हा, हुमन चंद्रवंशी, छन्नूलाल साहू, द्वारका प्रसाद, रिखूराम साहू, कामता प्रसाद, देवेंद्र सरवा, सतरूपा चंद्रमा, नारद टेंबुरकर, ईश्वर साहू, कन्हैया साहू, सूर्यप्रकाश सिंह राजपूत मौजूद थे।


तिरंगा चौक, गढ़ुला


ठाकुर चौक, गढ़ुला


अखरा भाठा चौक, गढ़ुला


चौहान चौक, गढ़ुला


कर्मा चौक, गढ़ुला



बड़े चौरा चौक, गढ़ुला


दुर्गा चौक, गढ़ुला


धान मंडी चौक, गढ़ुला


स्कूल मैदान चौक, गढ़ुला


कुआं चौक, गढ़ुला


बाल समाज दुर्गा उत्सव समिति


मुरमुंदा युवा शारदा सरस्वती उत्सव


सरस्वती मानस परिवार चारभाठा


नव युवक सरस्वती उत्लाल बहादुर


दुर्गा उत्सव समिति जंगलसर


चंडी चौक, गढ़ुला

# बिजली कनेक्शन नहीं फिर भी मरम्मत में राशि खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम पंचायत बोईरडीह के सरपंच पर ग्रामीणों ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने प्रेस वार्ता में बताया कि 5 अक्टूबर को ग्रामसभा आयोजित किया गया था। ग्रामसभा में सचिव ने बताया कि पंच शिवराम साहू ने मकान टैक्स वसूल किया था किन्तु कितनी राशि वूसल किया गया इसकी जानकारी नहीं दिया गया। दो साल के आय व्यय की जानकारी लेने पर खुलासा हुआ कि लोकसभा चुनाव में 57 हजार, विकसित भारत संकल्प यात्रा में 64 हजार 700 रुपए खर्च कर दिया गया। गली लाइट के कनेक्शन नहीं लेने के बाद भी गली लाइट मरम्मत में एक लाख 75 हजार खर्च किया गया है। इसी प्रकार गलियों में मुरमीकरण नहीं कराने के बाद भी दो सालो में 35 हजार 500 रुपए खर्च होना बताया गया। तालाब में पचरीकरण के नाम पर दो लाख 300 रुपए खर्च किया गया परंतु तालाब की 2 पचरी में दीवाल घेरा कराया गया। दीवार भी अधूरी है। ग्रामीणों ने बताया कि 2022-23 में नलजल मरम्मत में 481688, वर्ष 2023-24 में 321700 रुपए खर्च करना बताया गया।

### स्टाक पंजी गायब

ग्रामसभा में सचिव ने बताया कि पंचायत में स्टॉक पंजी नहीं है। वहीं पदाधिकारियों ने स्टॉक पंजी गुम होना बताया। मजदूरी भुगतान की जानकारी लेने पर बताया गया कई मजदूरों के व्यक्तिगत खातों में राशि हस्तांतरित किए गया है। इसी प्रकार 15 अगस्त 2023 के कार्यक्रम में 10 हजार एवं 26 जनवरी 2024 के कार्यक्रम में 15 हजार की मिष्ठान क्रय करना बताया गया। ग्रामीणों ने अन्य कार्यों में किए गए खर्च पर संदेह जताते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। बोईरडीह के तीन युवाओं ने इस आशय की शिकायत थाना छुरिया में किया है।

## प्रधानपाठक को दी विदाई



**अर्जुनी।** पूर्व माध्यमिक शाला घोरदा के प्रधान पाठक विद्याभूषण हिरवानी के सेवानिवृत होने पर कार्यक्रम आयोजित कर बिदाई दिया गया। संकुल प्राचार्य पीएल शर्मा, संकुल समन्वयक वेदराज ठाकुर, प्राथिमक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल के शिक्षकों ने संकुल स्तरीय विदाई कार्यक्रम आयोजित किया।

## टटेंगा स्कूल की शिक्षिका एंथोनी सम्मानित

**जेवरतला रोड।** नवेल टीचर्स क्रिएटिव फाउंडेशन ने विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्रों में रचनात्मक अभिप्रेरणा एवं विद्यालय में उत्कृष्ट अध्यापन कौशल का प्रदर्शन करते हेतु समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करने के लिए शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण सम्मान से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा के व्याख्याता हेपशिबा एंथोनी को सम्मानित किया। बालोद में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि मिशन समन्वयक अनुराग द्विवेदी थे। अध्यक्षता प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने की। विशिष्ट अतिथि बीईओ एस भारद्वाज तथा डौंडी लोहारा के बीआरसी जे मालेकर थे।



## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# आमंत्रण पत्र में नाम नहीं, परिवार ने अनावरण कार्यक्रम से बनाई दूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्थापना के लगभग एक साल की लंबी अवधि बाद राजा देवव्रत सिंह के प्रतिमा अनावरण को लेकर तय प्रशासनिक स्तर के कार्यक्रम में राजा का परिवार शामिल नहीं हुआ। प्रभारी मंत्री के हाथों लोकार्पण को लेकर नपा के आमंत्रण पत्र में राजा देवव्रत सिंह के पुत्र आर्यव्रत सिंह का नाम नहीं होने से नाराज उनके समर्थकों कन्हैया सिंह बैस, कपिनाथ महोबिया, यतेंद्रजीत सिंह, जितेंद्र सिंह गौर सहित अन्य ने राजकुमारी शताक्षी सिंह से चर्चा बाद निर्णय लिया कि राजपरिवार सदस्य और उनके समर्थक अनावरण कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे, लेकिन आज ही देर शाम प्रतिमा का माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

गौरतलब है कि अनावरण कार्यक्रम में राजा देवव्रत की धर्मपत्नि रानी विभा सिंह भी आमंत्रण कार्ड विलंब से मिलने के कारण पति की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पा रही है वहीं अब बच्चे भी आमंत्रण कार्ड में स्थान नहीं मिलने के कारण नाराजगी जाहिर करते हुए बच्चों ने भी दूरी बना ली जबकि प्रतिमा अनावरण को लेकर गांधी जयंती के दिन मुहिम शुरूकर प्रशासन को विजयादशमी से पहले अनावरण के लिए मजबूर करने वाले कांग्रेस नेता और विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि नौ महीने तक राजा की प्रतिमा का अनावरण को लेकर किसी ने जबान नहीं खोली और आज जब निधन बाद अनावरण में विलंब को लेकर जनभावनाओं को देखते हुए सभी के समेकित प्रयास से अनावरण का अवसर आया है तो सबके पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में साथ देने वाले निस्वार्थ भाव से राजा से जुड़े सभी समर्थक कार्यक्रम में शामिल हुए है और प्रभारी मंत्री सहित जिला प्रशासन का लिखित आभार व्यक्त किया है।



## प्रभारी मंत्री ने किया अनावरण

ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिन्धौरी में आयोजित आवास मेला में शामिल होने से पहले प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में कलेक्टोरेट गेट में स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी और दुर्गा चौक में स्थापित पूर्व सांसद व राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय, विधायक यशोदा वर्मा, विधायक हर्षिता बघेल, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, जिपं सभापति विप्लव साहू सहित कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, एडीएम प्रेम कुमार पटेल, एसडीएम टन्केश्वर प्रसाद साहू, सीएमओ प्रमोद शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।

## रानी विभा ने माना आभार, कहा कांग्रेस काल में मिली उपेक्षा

काफी लंबे अंतराल के बाद अपने पति और रियासत के राजा देवव्रत सिंह की प्रतिमा अनावरण को लेकर रानी विभा सिंह ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए सोशल मीडीया में पोस्ट जारी कर कहा कि भूपेश बघेल ने राजा देवव्रत सिंह को जीते जी उनके नाम मान सम्मान और लोगों की उनके प्रति लोकप्रियता को जानने समझने के बाद भी उपेक्षित किया जिसके चलते उन्होंने जोगी कांग्रेस का दामन थामा और विधानसभा चुनाव जीतकर ये साबित कर दिया कि वो लोगों के दिलों में बसते है। रानी विभा सिंह ने कहा कि राजा देवव्रत सिंह ने सारी उपेक्षाओं को दरकिनार करते हुए हमेशा यही कहा कि उनके डीएनए में कांग्रेस बसा है। कांग्रेस पार्टी में रहते हुए राजा के पूरे परिवार ने आम लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानकर सेवा की, बड़े बड़े राजनैतिक पदों में रहने के बाद उन्होंने और पूरे परिवार ने हमेशा अपने सद्व्यवहार का परिचय दिया, लेकिन भूपेश बघेल के शासन काल में मिली उपेक्षा उनके असामयिक निधन के बाद भी जारी रहा। कांग्रेस ने प्रतिमा स्थापना के लिये 25 लाख की स्वीकृति दी, लेकिन प्राथमिक कामों के लिये 5 लाख देने के बाद भूल गई। मौजूदा सरकार और कांग्रेस की विचारधारा से अलग रहने वाली भाजपा ने आम जनमानस की भावनाओं को समझते हुए प्रतिमा निर्माण के लिये शेष 20 लाख भी दिया और अब भव्य कार्यक्रम आयोजित कर अनावरण करने जा रही है। रानी विभा सिंह ने इसके लिए शासन प्रशासन और मौजूदा सरकार का आभार मानते हुए कहा कि जनभावनाओं के अनुरूप दशहरा से पहले उनके पति और रियासत के राजा की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम से सभी लोगों के साथ वो भी काफी प्रसन्न और भावुक है क्योंकि राजा के निधन बाद उन्हें पहली दफा भाजपा राज में सम्मान से आमंत्रित किया गया है।

# कृषि वैज्ञानिकों ने किया मदराकुही में सोयाबीन फसल प्रदर्शन का अवलोकन

## वैज्ञानिकों ने खेती किसानी संबंधित समस्याओं को जाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के मदराकुही में इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर व आइसीएआर अटारी जबलपुर के वैज्ञानिक दल ने तिलहन फसल प्रदर्शन का निरीक्षण किया। कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, जबलपुर अटारी के जोनल प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ एसआरके सिंह के सरंक्षण व निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ एसएस टूटेजा के निर्देशानुसार कृषि वैज्ञानिक डॉ गुंजन झा के मार्गदर्शन में मदराकुही मे तिलहन फसलों कि उन्नत किस्म व उन्नत फसल उत्पादन तकनीक को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सामूहिक अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तहत सोयाबीन की फसल लगाई गई हे।




फसल प्रदर्शन के निरीक्षण व अवलोकनार्थ इंदिरा गांधी कृषि विवि तीन सदस्यों डॉ डीपी पटेल, डॉ मनोज चंद्राकर, डॉ द्विवेदी प्रसाद सहित जबलपुर अटारी से डॉ रंजीत सिंह को निरीक्षण दल में शमिल किया गया था।

निरीक्षण दल ने मदराकुही पहुंचकर सोयाबीन फसल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सोयाबीन फसल प्रक्षेत्र दिवस मनाया गया जहां वैज्ञानिकों ने किसानों की खेती किसानी संबंधी विभिन्न समस्याओं को जाना और उनकी आय में बढ़ोतरी के लिए तिलहन फसलों की नवीन किस्में, उन्नत कृषि तकनीक व यंत्रीकरण को अपनाने की सलाह दी। हाईस्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान तहत आम की केसर किस्म के पौधों का रोपण किया। निरीक्षण दल ने किसानों की खेतों में लगे सोयाबीन फसल प्रदर्शन की सराहना करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव के वैज्ञानिकों को बधाई दी। इस दौरान केंद्र प्रमुख डॉ गुंजन झा, वैज्ञानिक डॉ अतुल डांगे व प्रोजेक्ट नोडल अधिकारी डॉ योगेन्द्र श्रीवास उपस्थित थे।

# सरकार बस नाम चेंज कर रही : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ मूर्ति का अनावरण, विकास कार्य लोकार्पित

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने देवकट्टा के हाई स्कूल में स्व. दाऊ रामदयाल कंवर की मूर्ति का अनावरण किया।

गौशाला मैदान में पहुंचने पर बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ता और ग्रामीणों की उपस्थिति में सरपंच हेमिन पुरण वर्मा ने श्री बघेल को लड्डूओं से तौला। उन्होंने मंच, मंगल भवन, जैतखाम, शीतला में टाइल्स, रंगमंच, अवंती मंच का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब लोगों के जीवन में चेंज लाने का प्रयास किया गया जबकि वर्तमान भाजपा सरकार केवल नाम चेंज कर रही है। उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला।

इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि श्री बघेल जब मुख्यमंत्री थे तब सिंचाई सुविधा, धान खरीदी केंद्र खुला, सामाजिक भवन आदि का निर्माण किया गया। उन्होंने स्कूल और धान खरीदी केंद्र के समतली करण के लिए 5 लाख की घोषणा की। सभा को पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने भी संबोधित किया। अंत में सरपंच हेमीन पुरण वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर नवाज खान, धनेश पाटिला, विजय राज सिंह चौहान, विवेक वासनिक, पुष्पा वर्मा, पीतांबर कंवर, लता साहू, फिरंगी पटेल, गोकुल वर्मा, गोविंद टंडन, शिशुपाल भारती, चुम्मन साहू, नेतराम साहू, विष्णु लोधी, दुर्गा यादव, पंचराम चंदेल, लालाराम वर्मा, सामसाय टांडेकर, योधन दास साहू, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, राजू राजपूत, आरती महोबिया, रिंकू महोबिया, हनी बघेल, धनु पटेल, सतीश कंवर, संतोष हठीले, सतानंद कंवर, दीपेन्द्र टांडेकर, नंदू वर्मा, राजेंद्र वर्मा, हरक पटेल, किशोर बैस, घनश्याम साहू, हरिचंद उईके, राजू छेदैया, रोशन वर्मा, घनश्याम साहू, बिसराम वर्मा, प्रीतम साहू आदि उपस्थित थे।

# कृषि महाविद्यालय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

रानी अवंतीबाई लोधी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में एक से सात अक्टूबर तक रावे अंतर्गत उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन अधिष्ठाता डॉ. अविनाश गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को ग्रामीण कृषि कार्यानुभव कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम किसानों के बीच जाकर किसानों से ज्ञान अर्जित करने के साथ ही उन्हे कृषि की जानकारी देने का अवसर है। विशिष्ट अतिथि एसडीओ कृषि सीके उईके ने बताया कि विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के तहत कृषि संबंधी जानकारी का आदान-प्रदान करते हुए किसानों एवं स्वयं के विकास का मौका मिलता है। उद्यानिकी विस्तार अधिकारी संजय जांगडे ने उन्नत तकनीक के बारे में बताया। प्रस्तावना का वाचन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बीएस असाटी ने किया।




उन्मुखीकरण कार्यक्रम में राजेश्वरी कुर्रे, डॉ ओपी सोनवानी, डॉ. परमेश्वर साहू, डॉ. प्रज्ञा पाण्डेय, डॉ चेतना, डॉ पंकज भार्गव, तामिन, डॉ अरविंद नंदनवार एवं डॉ एसए ढेंगे ने विषयवार जानकारी दिया।

न्यायालय नायब तहसीलदार खैरागढ़
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र. 202409290200023 अ/21/वर्ष 2023-24
ग्राम बल्देवपुर तहसील खैरागढ़, जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बल्देवपुर तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रोहण कुमार कंवर पिता मनोज कुमार कंवर निवासी ग्राम खपरी सिरदार तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बल्देवपुर प.ह.नं. 26 तहसील जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में स्थित भूमि खसरा नंबर 563 रकबा 0.045 हेक्टेयर को पारिवारिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु रकम की आवश्यकता होने पर उक्त भूमि गैर आदिवासी प्रस्तावित क्रेता पारस मल जैन पिता रानी दान जैन निवासी सोनेसरार खैरागढ़ के पास विक्रय किये जाने अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय खैरागढ़ समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) खैरागढ़ के माध्यम से जाँच कर स्पष्ट प्रतिवेदन दिये जाने इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्तानुसार आवेदक के नाम व स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 563 रकबा 0.045 हेक्टेयर भूमि को आदिवासी से गैर आदिवासी पारस मल जैन पिता रानी दान जैन निवासी सोनेसरार खैरागढ़ विक्रय किये जाने में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो वे पेशी दिनांक 25.10.2024 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 25.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।


जारी दिनांक 25.09.2024
पेशी दिनांक 25.10.2024
मुहर
नायब तहसीलदार
खैरागढ़ (छ.ग.)






## सार समाचार

### आतिशबाजी के साथ होगा रावण पुतले का दहन



**राजनांदगांव।** लखोली में युवा संगठन के तत्वावधान में शनिवार को आकाशीय आतिशबाजी के साथ 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। संगठन के राज साहू ने बताया कि शाम 5 बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण से प्रभु श्री रामचन्द्र की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो लखोली के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करते स्कूल मैदान पहुंचेगी। इस अवसर पर लोक सांस्कृतिक संस्था छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के मंझे हुए कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। आयोजन को लेकर लखोली के युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। उक्त जानकारी संगठन के प्रवक्ता संतोष निर्मलकर ने दी।

### अपालन पर होगी अर्थदंड की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओवर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है, जो दंडनीय अपराध है। इस संबंध में आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने संबंधितों को सूचित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। बिना पूर्वानुमति के लगाए गए विज्ञापन स्वेच्छा से 7 दिवस के भीतर हटा लें अन्यथा विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

### संस्कार सिटी कॉलेज में नवरात्रि उत्सव का आयोजन



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में नवरात्रि के उपलक्ष्य में देवी मां के भजन और गरबा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा पूजन और आरती से की गई। इसके बाद उपस्थितजनों ने मां की स्तुति में भजन गाए। गरबा का आयोजन भी बेहद उत्साहजनक रहा। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने गरबा नृत्य में अपनी पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज के अध्यापक और छात्र दोनों ही गरबा के रंग में रंगे हुए नजर आए। गुजराती थीम में छात्रों का गरबा देखते ही बनता था और पूरे कार्यक्रम ने नवरात्रि के इस खास पर्व को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के अंत में मातारानी का हलवा-पुड़ी से बना प्रसाद वितरित किया गया। जिससे सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

### दो दिवसीय जस एवं झांकी स्पर्धा आयोजित



**राजनांदगांव।** ग्राम खपराभाट में दो दिवसीय विराट जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि भरत लाल साहू समेत चतुर साहू, कुमार साहू, रेखराम चंद्रवंशी, चंद्रकुमार साहू, सखीना देवसिंह उइके, बहल वर्मा, पेसीराम मंडावी, हीरालाल साहू, गुलाबचंद साहू, सेवुकराम, दिलबहार साहू, वीरेंद्र साहू, अमरनाथ साहू, मुन्ना साहू, दिनेश सोरी, यादवराम साहू, तुलेश्वर नेताम, बरातूराम, यमुना दास मानिकपुरी, तामेश्वर मानिकपुरी, नारायण साहू, छठवंदन साहू, परमेश्वर वर्मा, जहूरराम, बिरमबाई सोरी, अनुसोइया, चंदन साहू, कुशल साहू, महेंद्र, सोहनलाल साहू, अजय, चांदनी, कृति, नेहा, तनु, तोषी, धनेश्वरी साहू, सुमित्रा वर्मा, देवबती, चित्ररेखा साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि मां की महिमा अपार है। मां की महिमा का बखान, आपने नवदुर्गा स्वरूप को झांकी के रूप में जन-जन तक पहुंचाने का अथक प्रयास किया है। यह जानकारी गिरधरलाल साहू ने दी।

### समाजसेवक संघ ने दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** उद्योग जगत के अग्रणी रतन टाटा के निधन पर समाजसेवक संघ के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसमें समाज सेवक संघ के संयोजक संजीव सिंघल समेत प्रियांशु सिंघल, स्वाति देवांगन, चंचल तिवारी, अंकित गर्ग, गोपेंद्र वर्मा, सावन सोनू, देवदास साहू, यमला साहू, प्रकाश यादव, रेवती साहू, सरस्वती वर्मा, अमित पटेल, अश्विनी पटेल, तामेश्वर साहू, ममता मैथिल, दिलीप साहू, रूपा कंवर, रोहिणी पटेल, पायल यादव, महेंद्र बघेल, मोतीलाल रावटे, मनोज भट्टाचार्य, बबीता लहरे, विजय निषाद, आकाश यादव, दिनेश पटेल, खुलेंद्र साहू, चंद्रहास देवांगन, हर्ष साहू, चंचल साहू, भूषणलाल देवांगन, अजय श्रीवास, ओमकार कंवर, हेमलता ठाकुर, शिवानंद महोबिया आदि शामिल थे।

### सायबर क्राइम से बचने किया गया जागरूक

■ कोतवाली पुलिस द्वारा स्टेट स्कूल में सायबर जागरूकता अभियान

**राजनांदगांव।** सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान कोतवाली पुलिस द्वारा चलाया गया। जिसमें लगभग 200 स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित हुए। इस दौरान सायबर क्राईम से बचने एवं नशे से दूर रहने तथा यातायात सुरक्षा नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा-निर्देश पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शहर के स्टेट स्कूल राजनांदगांव में सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकगण एवं लगभग 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। उपस्थित छात्र-छात्राओं को शिक्षक व पालकों की उपस्थिति में सायबर क्राईम, सायबर ठगी की रोकथाम एवं सायबर क्राईम के बचाव हेतु सोशल मीडिया, फेसबुक इंस्टाग्राम, ट्विटर का सावधानीपूर्वक अपने माता-पिता की उपस्थिति में ही उपयोग करने व उनसे होने वाले साइबर फ्राड से बचने संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई । **नशे से रहे दूर-** साईबर संबंधी फ्रॉड हो जाने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल सूचना देने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही नशा उन्मूलन के तहत धुम्रपान से दूर रहने एवं सड़क दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु वाहन चलाते समय यातायात सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। सायबर जागरूकता पखवाड़ा अभियान के आयोजन में थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, महिला प्रधान आरक्षक धनसिर भुआर्य, प्रधान आरक्षक चंद्रेश सिन्हा एवं थाना स्टॉफ उपस्थित रहे।

### योगेश्वर जंघेल का निधन



**सड़क अतरिया।** ग्राम सीताडबरी निवासी पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश्वर जंघेल का गुरुवार सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा शाम को उनके निज निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिवार, मित्र एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## सोमनी के शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री का मामला

# वर्षों से खाली पड़ी भूमि के पट्टे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत सोमनी के शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री की शिकायत में अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा 11 माह बाद निर्णय में आबादी एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत जारी खाली पड़ी भूमि के पट्टों को निरस्त कर पंचायत के उपयोग के लिए आदेश जारी किया गया है।

सोमनी पंचायत द्वारा छत्तीसगढ़ पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से सामुदायिक भवन का निर्माण आरंभ करते ही झारखंड निवासी संजय तापड़िया द्वारा निर्माणाधीन भवन स्थित भूमि को अपने हक का दावा किए जाने पर यह जानकारी सामने आई कि शासकीय भूमि की रजिस्ट्री हो गई है। आनन-फानन में पंचायत और ग्रामीणों ने मिलकर तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह को इसकी लिखित शिकायत की। सांसद संतोष पांडे को सोमनी दौरे पर इस बारे में अवगत कराया गया तथा लिखित शिकायत की गई। सांसद द्वारा कलेक्टर राजनांदगांव को कार्रवाई हेतु पत्र लिखा गया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से भी शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई थी। उन्होंने भी तत्कालीन कलेक्टर से चर्चा कर एफआईआर करने की बात कही थी।

तहसीलदार मनीष वर्मा ने राजस्व निरीक्षक और पटवारी की टीम बनाकर जांच की। जिसमें उन्होंने पाया कि वास्तव में शासकीय भूमि की रजिस्ट्री की गई है। इसका उल्लेख तहसीलदार के प्रतिवेदन में है। तहसीलदार राजनांदगांव के प्रतिवेदन के आधार पर ही अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव अतुल श्रीवास्तव द्वारा सोमनी स्थित खसरा नंबर 190/1, 190/4, 190/5, 190/7 की समस्त भूमि 1 एकड़ 20 डिसमिल को पंचायत के उपयोग के लिए स्वतंत्र कर दिया गया है। पूर्व में जारी समस्त पट्टो को जो 25 से 30 वर्ष पर पूर्व जारी किए गए थे, उन्हें भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 243 सहपठित धारा 244 के अंतर्गत निर्मित नियमों के पालन नहीं किए जाने के कारण निरस्त कर दिया गया है। इस पूरे प्रकरण में गौर करने वाली बात यह है कि प्रकरण इतना हाई प्रोफाइल हो गया है कि इसमें सांसद, विधायक, यहां तक की पूर्व के छत्तीसगढ़ पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देशों के बाद भी प्रशासन ने पूरे 11 महीने निर्णय लेने में लगा दिया। इतना सब होने के बाद भी किसी के ऊपर कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया, न ही कार्रवाई की गई। सिर्फ पटवारी को निलंबित कर दिया गया। रजिस्ट्री को निरस्त करने निर्देश या आदेश भी जारी नहीं किए गए। अधिकारियों की मनमानी इसी प्रकरण में नहीं, बल्कि सैकड़ों मामले ऐसे हैं, जो फाइलों में दबे पड़े हैं। इस प्रकरण में तो दोनों बड़े राजनीतिक दल के नेताओं के ही खरीदी-बिक्री में शामिल होने की जानकारी मिली है।




### प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल

अब सवाल यह उठता है कि शासकीय भूमि की खरीदी-बिक्री में क्या बड़ा रैकेट काम कर रहा है, क्योंकि आज निलंबित पटवारी पुनः बहाल कर दिया गया। रजिस्ट्रार पर कोई जांच या कार्रवाई नहीं की गई। खरीदी-बिक्री करने वाले साफ निकल गए। सामने आए दलालों के नामों पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिन जमीनों की रजिस्ट्री की शिकायत की गई, उनको निरस्त करने को लेकर भी आदेश में कोई उल्लेख नहीं है। ये सभी प्रश्न जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है।

### दलालों पर कार्रवाई नहीं

स्थानीय नेताओं ने अधिकारियों पर धौंस जमाने की बहुत कोशिश की। दलालों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस पूरे मामले को अंजाम दिया, उन पर भी किसी प्रकार की कार्रवाई अधिकारियों द्वारा नहीं की गई। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट तौर पर दलालों का नाम उजागर हुआ है। इसके बावजूद दलालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने से ग्रामीणों में आक्रोश है।

### नारायणगढ़ में धूमधाम से मनेगा दशहरा उत्सव

**लालबहादुर नगर।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत नारायणगढ़ में इस वर्ष भी रामलीला परिवार एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वाधान में कल 11 अक्टूबर को दुर्गा नवमी के दिन असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि रामलीला परिवार द्वारा नवरात्रि में प्रतिदिन रात्रि में रामलीला का मंचन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। ग्राम में सार्वजनिक समितियों द्वारा आदि शक्ति मां दुर्गा आदि शक्ति मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई है, जिसे ग्राम में भक्ति में वातावरण स्थापित है। रामलीला परिवार के सदस्यों ने दशहरा उत्सव का आनंद लेने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

### ट्रेन से कटा, शिनाख्ति नहीं

**राजनांदगांव।** रेलवे लाइन बरगा के पास एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरगा के पास रेलवे लाइन में एक व्यक्ति की ट्रेन में कटने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई है।

## युकां ने पूर्व सीएम बघेल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बसुला में मिनीमाता मूर्ति अनावरण, अवंती मंच लोकार्पण में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, जिला सहकारी बैंक पूर्व अध्यक्ष नवाज खान सहित अन्य अतिथियों का युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष संदीप गहरवाल, गुलजेब मखीजा, जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू के उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। तत्पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री ने काली माता में पूजा-अर्चना कर लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।



## 75 लाख की लागत से मोरकुटुम्ब में होगा नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम मोरकुटुम्ब में नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए 75 लाख 23 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। मोरकुटुम्ब में हाईस्कूल भवन निर्माण की मांग काफी पुरानी है, जो स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा बार-बार शासन प्रशासन एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से की जाती रही है।

पूर्व सांसद राजनांदगांव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने भी ग्रामवासियों की मांग पर शासन प्रशासन से पत्राचार कर मोरकुटुम्ब में हाईस्कूल भवन निर्माण का प्रस्ताव वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुख्य बजट में प्रावधानित करने प्रयास किया था, जिस पर राज्य शासन द्वारा सकारात्मक रूप से कार्रवाई करते उक्त प्रस्ताव को इस वर्ष बजट में शामिल कर छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर से विभागीय आदेश जारी करते ग्राम मोरकुटुम्ब में नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष यादव ने ग्रामवासियों को अवगत कराते बताया कि कलेक्टर राजनांदगांव द्वारा पीडब्लूडी विभाग राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता को विभागीय पत्र के माध्यम से नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया है। ग्राम मोरकुटुम्ब के ग्रामवासियों ने नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते इसके लिए विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के प्रति आभार प्रकट किया गया है।

## आज गायत्री शक्तिपीठ में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**राजनांदगांव।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में कल 11 अक्टूबर को नवरात्र अष्टमी/नवमी अवसर पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शुक्रवार सुबह 9.30 बजे आयोजित पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन अवसर पर सनातन हिंदू धर्म के विभिन्न संस्कार भी संपन्न किए जाएंगे। तत्पश्चात संगीतमयी सामगान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मातारानी दुर्गा, काली, सरस्वती शारदा, वेदमाता गायत्री को आहूति प्रदान की जाएगी। गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट के सूर्यकांत चितलांग्या व बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि नवरात्रि पर्व के दौरान साधकों द्वारा नौ दिनों तक की गई पूजा-अर्चना, जप-तप, ध्यान-साधना, आराधना-उपासना का फल नवमी के दिन मातारानी को श्रद्धापूर्ण आहूति प्रदान करने पर मिलता है।




### जैन समाज की उपस्थिति में महापौर ने किया भूमिपूजन

## गंज लाइन में बनेगा भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। गंज लाइन में भव्य अहिंसा प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाना है। प्रवेश द्वार निर्माण के लिए को समाज द्वारा आयोजित गरिमामय आयोजन में महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में जैन मुनियों आगम सागर महाराज, पूनित सागर महाराज एवं धैर्य सागर महाराज के सानिध्य में मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर छग बीस सूत्रीय क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष अशोक झाझरी, सकल जैन संघ अध्यक्ष मनोज बैद, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यगण मधुकर वंजारी, संतोष पिल्ले, गणेश पवार व अमीन हुद्दा, वरिष्ठ पार्षद कुलबीर छाबड़ा, पार्षद राजेश जैन रानू, समाज के सचिव रविकांत जैन, पूर्व अध्यक्ष पीसी जैन, डीसी जैन, पदम कोठारी, सूर्यकांत जैन उपस्थित थे। भूमिपूजन के पूर्व अतिथियों का समाज के लोगों ने मोती की माला एवं जैन गमछा पहनाकर स्वागत किया। आयोजन में आगम सागर महाराज ने कहा कि 2012 में विद्या सागर महाराज के साथ दिगंबर जैन मंदिर आने का अवसर मिला। उस समय मंदिर के सामने चौडी सड़क एवं चौक देखकर महाराज ने प्रवेश द्वार बनाने की मंशा जाहिर की थी, जो आज पूर्ण होने जा रहा है।



# उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर आईबी ग्रुप ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

## कारोबारी रतन टाटा मानवता के प्रतीक थे : अली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े कारोबारी समूह आईबी ग्रुप के प्रबंध निदेशक बहादुर अली ने भारत के एक महान उद्योगपति, परोपकारी और एक विजनरी लीडर रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

ग्रुप की ओर से शोक व्यक्त करते हुए श्री अली ने कहा कि रतन जी के निधन से एक युग का अंत हो गया है, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्य आगे आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। रतन जी ने भारत को ना केवल वैश्विक पहचान दिलाई, बल्कि अपने विशाल ह्रदय के कारण वे मानवता के 'प्रतीक' बने। उनकी विनम्रता, ईमानदारी और लोक कल्याण के लिए किए गए कार्य अनेक लोगों को प्रेरणा देते हैं। श्री टाटा ने एक व्यवसायी होकर भी अपने लाभ से पहले लोगों की निःस्वार्थ सेवा और दया को अपनाया। उन्होंने खुद को व्यवसाय से परे सोचते हुए वंचितों के कल्याण, उनकी शिक्षा और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित कर दिया।






### जताई संवेदना

रतन जी का जीवन इस सोच का जीवन्त उदाहरण है कि सफलता असल मायने में दूसरों की सेवा करने में निहित है। उनके यह कार्य अन्य लोगों के लिए एक प्रेरणा के रूप में रहेंगे, जो ना केवल सफल होने की आकांक्षा रखते हैं, बल्कि दुनिया को एक बेहतर जगह भी बनाना चाहते है। हम उनके परिवार और टाटा समूह के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले।

आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 10 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+

बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास की सुविधा

Resume Whatsapp करें
8319268069, 7489534456

हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024




## महाअष्टमी आजः मंदिरों में हवन-पूजन, सजेगा मां का दरबार

### कई मंदिर समितियां आज ही अष्टमी के साथ नवमी भी मना रही, कुछ कल करेगी ज्योत विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



क्वांर नवरात्र पर्व के तहत महाअष्टमी पर्व कल 11 अक्टूबर को मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की गई है। इस मौके पर विधि-विधान से हवन-पूजन किए जाएंगे। इसके साथ ही जोत जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

ज्ञात हो कि क्वांर नवरात्र पर्व 3 अक्टूबर से शुरू हो चुका है। पर्व के दौरान अंचल के देवी मंदिरों में ज्योत जंवारा स्थापित किया गया है। वहीं बड़ी संख्या में पूजा समितियों द्वारा विशाल पूजा पंडालों में देवी मां की प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना सहित विविध धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

पर्व के तहत अष्टमी की तिथि को लेकर लोगों के बीच असमंजस की स्थिति रही। पंचाग के अनुसार 10 अक्टूबर को दोपहर 12.31 बजे से अष्टमी पर्व प्रारंभ हो चुका है, जो 11 अक्टूबर को दोपहर 12.6 मिनट तक रहेगा। इस लिए बड़ी संख्या में भक्त उदयातिथि को मानते कल 11 अक्टूबर को महाअष्टमी पर्व मनाने की तैयारियों में है। शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक हवन-पूजन का आयोजन देवी मंदिरों एवं पूजा पंडालों में जारी रहेगा।

**खास बातें**

- आज दोपहर से लगेंगे नवमी तिथि
- कल मनाया जाएगा दशहरा का पर्व





### हवन बाद शुरू होगा विसर्जन का सिलसिला

अष्टमी हवन के पश्चात कन्याओं को भोजन कराने एवं मंदिर एवं पूजा पंडालों में रखे जोत जंवारा को विसर्जन करने का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान देवी मंदिर व पूजा पंडालों एवं तालाब में बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बने रहने की संभावना है। बड़ी संख्या में भक्त व्रत रखकर विधि-विधान से देवी मां की पूजा-अर्चना करेंगे एवं कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस दौरान पूजा-अर्चना सामग्रियों की मांग लोगों के बीच बनी हुई है।

### मंदिर व पूजा पंडालों में उमड़ रही भक्तों की भीड़

नवरात्र पर्व के दौरान ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर के मंदिरों पूजा पंडालों में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की उपस्थिति बनी हुई है। जयकारों की गूंज से भक्तिमय माहौल निर्मित है। खासकर शाम से लेकर देर रात तक लोग बड़ी संख्या में पूजा पंडालों में विराजित देवी प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। कई पूजा पंडालों में भक्तों को महाप्रसादी का भी वितरण किया जा रहा है। मंदिर से लेकर पूजा पंडालों व प्रमुख मार्गों से विद्युत सज्जा की गई है। जिससे पूरा वातावरण में भक्ति का माहौल बना हुआ है।

---

**नवरात्रि विशेष**



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्हीं के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रूप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है, तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुरों को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक है। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्रि की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती है। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

---

### इस साल होने है निकाय के चुनाव, फंड की कमी से जनप्रतिनिधि परेशान

## छह महीने से नहीं आई महापौर-पार्षदों की निधि, चुनावी साल में काम अटके!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पनगरीय निकाय चुनाव को लेकर कभी भी बिगुल बज सकता है। आने वाले तीन से चार महीने के भीतर नई शहर सरकार मिल जाएगी। ऐसे में वर्तमान शहर सरकार से जुड़े नेताओं ने भी अपनी जमीन मजबूत करने का काम शुरू कर दिया है। हालांकि इन नेताओं को सरकार की तरफ से मिलने वाली निधि में हो रही देरी से काफी मशक्कत करना पड़ रहा है।

वित्तीय वर्ष का लगभग छह महीने गुजरने के बाद भी अब तक महापौर एवं पार्षदों की निधि नहीं आई है। ऐसे में काम तो स्वीकृत हो रहे हैं, लेकिन धरातल में उसकी शुरूआत नहीं हो पा रही है। ठेकेदार भी भुगतान में लेटलतीफी के हालात को देखते ऐसे काम करने से बचते नजर आ रहे हैं। जबकि आचार संहिता लगने के बाद निधि किसी काम की नहीं रह जाएगी। यह भी एक कारण है कि सभी जनप्रतिनिधि आचार संहिता लगने के पहले ही पूरी रकम का काम स्वीकृत करने की जुगत में है।

पार्षद भी अपने वार्ड में लोगों से समस्या जानने के साथ ही नए काम कराने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन फंड नहीं होने से उन्हें भी काम कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि सत्ता दल से जुड़े पार्षद, विधायक, सांसद निधि से भी काम स्वीकृत करा अपने वार्डों में नए काम करा रहे हैं।

**निधि नहीं मिलने से वार्डों मे विकास कार्य प्रभावित**

### छोटे काम भी अटके

पार्षद एवं महापौर निधि नहीं आने से वार्डवासियो के काम भी जनप्रतिनिधि नहीं करा पा रहे है। इस निधि का उपयोग पार्षद वार्ड की अतिआवश्यक जरूरतों के लिए करते हैं। आमतौर पर इससे शेड निर्माण, स्कूल में कुर्सी-टेबल, वार्ड में बैठक व्यवस्था, नाली निर्माण, सड़क मरम्मत जैसे छोटे-छोटे लेकिन आम लोगों से जुड़े कामों को कराते हैं। वार्डों में अभी नाली निर्माण जैसे कई काम अधूरे पड़े हैं।




### आने हैं निधि के सवा चार करोड़

महापौर एवं पार्षदों की निधि को मिलाकर शहर विकास के लिए कुल सवा चार करोड़ रुपए हर साल दिए जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार इसमें महापौर निधि एक करोड़ 12 लाख एवं प्रति पार्षद निधि 6 लाख शामिल हैं। इस साल निधि का फंड नहीं आने से इससे होने वाले वार्डों में काम नहीं हो पा रहे हैं। अब वार्डवासी मांग कर रहे हैं, लेकिन महापौर-पार्षद निधि नहीं आने से वार्डों में काम नहीं हो पा रहे हैं।

### वेतन भी नहीं मिला

एक तरफ जहां महापौर एवं पार्षदों को इस वित्तीय वर्ष की निधि अब तक नहीं जारी की गई है। वहीं इन जनप्रतिनिधियो को मिलने वाला वेतन भी समय पर नहीं दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार लगभग आठ महीने से वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। ज्ञात हो कि महापौर को 25 एवं पार्षदों को 15 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाता है। पार्षदों ने भी बीते दिनों मानदेय भुगतान को लेकर एक पत्र प्रशासन को सौंपा था।

### काम स्वीकृत कराने में जुटे जनप्रतिनिधि

पिछले बार अक्टूबर महीने में ही निकाय चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू कर दी गई थी। यही कारण है कि इस बार भी अक्टूबर महीने से पहले ही लगभग पार्षदों एवं महापौर ने अपनी निधि का उपयोग नए काम स्वीकृत करने के लिए कर लिया है। बताया गया कि भले ही फंड नहीं आया हो, लेकिन निधि के हिसाब से काम स्वीकृत किए जा चुके हैं। यह काम अब निधि आने के बाद तेजी से शुरू भी हो जाएंगे।

---

## पूजा पंडालों में बढ़ी दर्शनार्थियों की भीड़

### वाहनों की वजह से जगह-जगह जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मां शक्ति की आराधना का पर्व पर नवरात्र के अवसर पर शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में विराजित माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।



इस दौरान जगह-जगह भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन भी हो रहा है। वहीं तीन-चार पहिया वाहनों की वजह से जाम भी लग रहा है। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में स्थापित मां शक्ति की प्रतिमा के दर्शन के लिए पंचमी के बाद से श्रद्धालुओं की भीड़ काफी बढी हुई है। शहर के स्टेशन पारा, गुडाख़ू लाईन, दुर्गा चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक सहित विभिन्न क्षेत्रों में तीन-पहिया चार पहिया वाहनों के प्रवेश की वजह से जाम की स्थिति बन रही है।

### बार-बार लग रहा है जाम

नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के बीच भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया है। इसके बावजूद भी भारी वाहन शहर में प्रवेश कर रही है। वहीं शहर के सकरे रास्तों पर तीन और चार पहिया वाहन प्रतिबंध नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते जाम लगने की वजह से श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। वहीं जाम लगने के दौरान व्यवस्था बनाने यातायात पुलिस के जवान भी नजर नहीं आ रहे हैं।

### भंडारा प्रसादी का वितरण

शहर के विभिन्न सेवा पंडालों में विराजित शक्ति की सेवा में जुटी समितियों द्वारा इस दौरान भंडारा प्रसादी वितरण किया जा रहा है। जिसमे पोहा, हलवा, खिचड़ी लेने श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही है।


**संजीवनी नर्सिंग होम**
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
सामान्य सर्जरी General Surgeon
- सभी प्रकार के हार्निया का ऑपरेशन
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- पित्त की थैली का ऑपरेशन
- मुत्राश्य की पथरी का ऑपरेशन
- बवासीर, भगंदर का ऑपरेशन
- छोटी एवं बड़ी आंत की बीमारियों का ऑपरेशन
- अमाशय एवं अग्नाशय की बीमारियों का ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- हाई टेक आईसीयू एवं सीसीयू
- अनुभवी मेडिकल स्टॉफ के साथ
- हाई टेक ट्रॉमा सेंटर एक्सीडेंटल केस के लिए
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से एनजीओप्लास्टी की सुविधा

OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


---

## गरबा के आयोजनों में पहुंचे डॉ.रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित गरबा के विभिन्न आयोजनों में शिरकत करते आयोजन समितियों का हौसला अफजाई किया। वहीं नवरात्र के अवसर पर मां शक्ति की आराधना करते पर्व को लेकर उन्होंने अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह बीते बुधवार की रात राजनांदगांव शहर पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जा रहे गरबा के आयोजन में शामिल होते हुए आयोजन को लेकर उनकी सराहना की। वहीं गरबा पंडालों में पहुंचकर डॉ. रमन सिंह ने यहां मां शक्ति की आराधना करते देश और प्रदेश की तरक्की एवं खुशहाली की कामना की।



**प्रदेश में विकास के द्वार खुले :** केंद्र सरकार से छग के विकास को लेकर लगातार मिल रही राशि के मामले में डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 5 साल भूपेश बघेल ने विकास के दरवाजे यहां बंद कर दिए थे, जो अब खुल गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले 11 सौ करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली और इसके बाद 7 हजार करोड़, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से 18 लाख मकान स्वीकृत हो गए हैं।

### छत्तीसगढ़ी थीम से हुए प्रभावित

लायंस क्लब के गरबा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक देखकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी इस मैदान में उतर आई है, ऐसा प्रतीत हो रहा है। छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया के नारे लगाते कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना हम मां के अलग-अलग 9 स्वरूप में करते हैं। यह आयोजन अपने आप में काफी अनूठा है। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने नवरात्रि पर्व को लेकर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी।

### भूपेश बघेल पर साधा निशाना

शहर में आयोजित विभिन्न गरबा के आयोजन में शामिल होने पहुंचे डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हरियाणा चुनाव को लेकर कहा कि भूपेश बघेल जहां पहुंचते हैं, वहां कांग्रेस का बंटाधार करते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने समाज के सभी वर्गों के लिए काफी काम किया है। हरियाणा के लोग जागरूक हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हमको कांग्रेस से अधिक प्रतिशत वोट यहां मिला है। हमारी शानदार जीत हुई है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड और महाराष्ट्र भी हम जीतेंगे। एग्जिट पोल को लेकर उन्होंने कहा कि सारे एग्जिट पोल ध्वस्त हो गए। वहीं ईव्हीएम के मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जहां यह लोग जीतते हैं, वहां ईव्हीएम को दोष नहीं देते और जहां हार होती है वहां ईव्हीएम पर ठिकरा फोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि इस राजनीतिक दल का कोई भविष्य नहीं है।

## छिपाकर रखी थी शराब, 260 पौवा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब ब्रिकी के खिलाफ पुलिस द्वारा धरपकड़ अभियान जारी है। जिसके तहत पुलिस ने रेड कार्रवाई कर आरोपी द्वारा गांव में छिपाकर रखे 260 पौवा देशी प्लेन शराब को बरामद कर कार्रवाई की है।

डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस द्वारा जुआ, शराब, चोरी की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखते कार्रवाई अभियान तेज कर दिया गया है। जिसके तहत 10 अक्टूबर को थाना डोंगरगांव पुलिस ने शराब रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी विनय देवांगन पिता कुंदन देवांगन 29 साल पता बस स्टैंड वार्ड नं 8 ग्राम राजा खुज्जी थाना डोंगरगांव



द्वारा अधिक मात्रा मे शराब अपने पास रखा हुआ रंगे हाथों मिला।

### देशी प्लेन शराब बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपी के पास से कुल 260 नग देशी प्लेन शराब युनिक कीमती करीबन 23400 रुपए को जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।


**B.M. COLLEGE**
**B.Ed.**
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


---

## सभी घरों में दस्तक नहीं, आधे-अधूरे में सिमटा ओबीसी सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग द्वारा प्रदेश में पिछड़ा वर्ग समुदाय के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उनके आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनैतिक भागीदारी पर सर्वे कराया जा रहा है। उच्च न्यायालय के निर्देश पर राज्य शासन द्वारा ओबीसी कल्याण आयोग का गठन किया गया है। आयोग द्वारा बीते 12 अगस्त से सर्वे का काम प्रारंभ किया गया था, जो सितंबर माह में पूरा भी होना है, लेकिन इस सर्वे की जिम्मेदारी डोर-टू-डोर जिनके कंधे पर दी गई है, वह टीम सभी घरों में दस्तक नहीं दे पाई है। राजनांदगांव शहर के अधिकांश वार्डों में चंद घरों में ही सर्वे सिमट गया है।

ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए 7 एजेंडों पर कार्य करने बनी इस ओबीसी कल्याण आयोग द्वारा इसके लिए ओबीसी की 87 जाति समूह को शामिल किया गया है, लेकिन जमीनी स्तर पर ओबीसी सर्वेक्षण कार्य में गंभीरता नजर नहीं आई। जानकारी के अनुसार शहर के वार्डों में सर्वे टीम ने चुनिंदा घरों तक ही पहुंचकर फॉर्म भरा है।

**सर्वेक्षण कार्य में गंभीरता नहीं आई नजर**



फाईल फोटो

### सर्वे के नाम पर खानापूर्ति

ओबीसी कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा द्वारा 20 सितंबर को शहर में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते लगभग 85 प्रतिशत सर्वेक्षण कार्य पूरी होने की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसके 10 दिन बाद भी सर्वे टीम ओबीसी परिवारों के सभी घरों तक नहीं पहुंच पाई है। जिसकी वजह से सर्वे का पूरा कार्य खानापूर्ति नजर आ रहा है।

### कुछ घरों को छोड़कर किया गया सर्वे

ओबीसी कल्याण आयोग द्वारा कराए जा रहे सर्वे कार्य के दौरान शहर के वार्डों में आयोग द्वारा दिए गए फॉर्म ओबीसी परिवारों से जानकारी एकत्रित कर भरे गए, लेकिन सर्वेयरों द्वारा लाइन से सभी घरों में ना जाते हुए कुछ-कुछ घरों को छोड़कर सर्वे किया है। जिसमें कई ओबीसी परिवार भी छूट गए हैं।

### ओबीसी वर्ग को नहीं मिलेगा लाभ

शहर के सभी ओबीसी परिवारों का सर्वेक्षण नहीं होने से जिस मंशा के साथ आयोग का गठन किया गया है, वह पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस सर्वे के माध्यम से ओबीसी के उत्थान और कल्याण की दिशा में योजना बनाकर कार्य किया जाना है। सभी ओबीसी परिवारों का सर्वे नहीं होने की वजह से सही डाटा आयोग तक नहीं पहुंच पाएगा।

### छूट रहे ओबीसी परिवार

ओबीसी कल्याण आयोग द्वारा ओबीसी परिवारों के सर्वे के लिए डोर-टू-डोर टीम को भेजा जाना था, जहां ओबीसी परिवार के लोगों से उनकी चल-अचल संपत्ति, नौकरी, शिक्षा, व्यवसाय, आमदनी सहित 53 सवाल पूछे जाने थे, लेकिन सर्वे टीम अब तक शहर के सभी घरों में नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में सर्वे का पूरा काम आधे- अधूरे में सिमटता नजर आ रहा है।


**समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल**
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए

डॉ. जय टांक
BDS, MDS
(ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन)
- मुँह के छाले एवं कैंसर
- जबड़े के फेक्चर का उपचार ।
- मुँहके कम खुलने का इलाज ।
- जबड़े के जोइन्ट की सर्जरी ।
- दांतों के इम्पलान्ट्
- कटे फटे होंट एवं तालु
- चेहरे एवं घावों का उपचार

आयुष्मान कार्ड से इलाज की सुविधा
मिलने का समय - सुबह 12 से शाम 2 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 07744356654

## खबर संक्षेप

### अभाविप कार्यकर्ताओं नें दुर्गा अष्टमी पर 51 कन्याओं को कराया कन्या भोज



**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कबीरधाम इकाई कवर्धा के कार्यकर्ताओं ने शारदीय नवरात्रि के मां दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर 51 कन्याओं का कन्या भोज आयोजित कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार अभाविप के कार्यकताओं द्वारा प्रत्येक वर्ष नवरात्र के अवसर पर विभिन्न सेवा कार्य के साथ-साथ समस्त इकाईयों में कन्या भोज का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में कवर्धा इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद वाचनालय कवर्धा में भोज का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अभाविप के प्रदेश सहमंत्री तुषार चन्द्रवंशी ने बताया कि अत्र नार्यस्तू पूज्यंते तत्र रमन्ते देवता के भाव से परिपूर्ण भारत भूमि प्राचीन काल से ही माताओं को देवी का दर्जा देते आया है, शारदीय नवरात्र का यह पावन अवसर माता रानी के विभिन्न स्वरूपों का आराधना का पर्व होता है। इसी ध्येय को लेकर अभाविप के कार्यकर्ता ने कुंवारी कन्या शक्ति की आराधना कर मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। अभाविप के नगर मंत्री गजाधर वर्मा ने कहा कि मां की भक्ति आराधना का पर्व नवरात्र समस्त मानव समाज के लिए शुभकारी हों अभाविप कवर्धा द्वारा कन्याओं का पूजन करतें हुए भोज कराकर श्रृंगार भेट करते हुए अभाविप के समस्त कार्यकर्ताओं के ऊपर आशीर्वाद बनाएं रखने की कामना किया।

### फसलों की चिन्हांकित कर धान खरीदी किए जाने पटवारी को डाटा प्रस्तुत करने अपील की

**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत रेंगाबोड निवासी जिला महामंत्री सुरेश कुमार चंद्राकर नें धान खरीदी 2024-25 के लिए



शासन प्रशासन द्वारा किसानों के खेत, खलिहान, बाड़ी में फसलों के निरीक्षण कर डाटा प्रस्तुत करने पटवारी को निर्देशित किया था, जिससे सही फसलों की चिन्हांकित कर धान खरीदी किया जा सके। लेकिन पटवारी द्वारा खेत में उपलब्ध फसलों के अलावा किसी किसानों के खेत को शून्य, या गन्ना फसल डालकर अपनी मनमानी और मोटी रकम वसूली करने के उद्देश्य से सूची गांव- गांव में चस्पा किया है, जिससे किसानों को भारी दिक्कत व पटवारी कार्यालय के चक्कर काटने किसान मजबूर हैं। जिस पर श्री चंद्रवंशी ने भाजपा सरकार को किसान हितैषी व किसानों के साथ अन्याय करने वाले को बक्शा नही जाएगा। वहीं भाजपा सरकार या क्षेत्रीय विधायक पटवारियों को खुली छूट दे रखी है जैसा चाहे वैसा बर्ताव कर सके, जिसके कारण पटवारी अपनी मनमानी कर रहे हैं। साथ ही साथ राजस्व से संबंधित रिकॉर्ड दुरुस्ती, पर्ची बनाना या अन्य किसी भी कार्य के लिए पहले किसानों से काम के बदले मोटे दाम की मांग करते है नही देने पर ग्रामीण किसानों का आज-आना, कल-आना कहकर गुमराह किया जा रहा है। जिस पर उन्होने क्षेत्रीय विधायक से अपील कर पटवारियों को सक्त हिदायत देना व किसी प्रकार की शिकायत किसानों द्वारा मिलने पर तत्काल बर्खास्त कर कार्यवाही की मांग की गई साथ ही साथ भाजपा किसानों के सच्चे हितैषी है और किसानों के हित चाहते है तो किसानों के लिए टोल फ्री नम्बर जारी किए जाने तथा किसानों को ज्यादा परेशानी व दर-दर भटकना न पड़े।

# डिप्टी सीएम ने 1.85 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

- विकास कार्यों से आधारभूत ढांचा होगा मजबूत, स्थानीय निवासियों को मिलेंगे रोजगार के अवसर : विजय शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा जिले के विकास की गति को आगे बढ़ाते हुए 1 करोड़ 85 लाख रूपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने हाउसिंग बोर्ड कालोनी में सामुदायिक भवन लागत 13 लाख का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। उन्होंने दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत जोराताल मे सीसी रोड़ निर्माण लागत 73.01 लाख और दीनदयाल आवास योजना भोरमदेव चौक अंतर्गत दुकान कार्यालय एवं फ्लैट लागत 99.01 लाख का भूमिपूजन किया। इन कार्यों के भूमिपूजन और लोकार्पण से विकास और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। इन विकास कार्यों के माध्यम से न केवल क्षेत्र का आधारभूत ढांचा मजबूत होगा, बल्कि स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार लगातार क्षेत्रवासियों की जरूरतों को समझते हुए विकास कार्यों में तेजी ला रही है। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा क्षेत्रवासियों की मांग के अनुसार जिले के समुचित विकास के लिए निरंतर भूमिपूजन और लोकार्पण कर रहे हैं। उनके प्रयासों से विभिन्न निर्माण कार्य, परियोजनाएं शुरू हो रही हैं, जो स्थानीय इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेंगी और नागरिकों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगी। इस तरह के विकास कार्यों से क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा और लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

### स्थानीय व्यापार को बढ़ावा व लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नवनिर्मित सामुदायिक भवन से स्थानीय निवासियों को एक स्थान मिलेगा जहां वे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर सकते हैं। यह समुदाय की एकता को बढ़ाएगा। उन्होंने बताया कि सीसी रोड़ का भी भूमिपूजन किया गया। उन्होंने कहा कि सड़कों का बेहतर निर्माण यातायात में सुधार लाएगा, जिससे कॉलोनी के लोगों का आवागमन सुगम होगा। इससे समय की बचत होगी और दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा। दुकान कार्यालय और फ्लैट के निर्माण से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। साथ ही आवासीय सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, पार्षद उमंग पाण्डेय, खिलेश्वर साहू सहित जनप्रतिनिधि व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### नौ देवियों का एक साथ दर्शन मां सिंहवाहिनी मंदिर में: आदित्य श्रीवास्तव

# आदिकाल से स्वयंभू प्राचीन सिद्ध शक्तिपीठ मां सिंहवाहिनी मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा में शक्ति आराधना की परंपरा वर्षों पुराना है। विख्यात खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप देवांगन पारा कवर्धा में शक्ति-स्वरूपा माता सिंहवाहिनी की दक्षिणाभिमुख मूर्ति स्थापित है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि माता दिव्य प्रतिमा आदिकाल से स्वयंभू प्राचीन सिद्ध शक्तिपीठ है। इस संबंध में इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि प्राचीनकाल मंदिर स्थल पर पहाड़नुमा एक टीला था, जिस पर नीम का वृक्ष था इसी नीम के नीचे धीरे-धीरे देवी प्रकट हुई थी। देवी के पूर्ण रूप से प्रकट होने के बाद धीरे-धीरे पहाड़ धंसता गया और आज वह एक समतल जगह है। जिस पर पहले छोटा सा मंदिर था, जो जीर्णोद्धार होता हुआ आज भव्य रूप धारण कर चुका है।

रियासत की प्रजा के निवेदन पर व माता की महिमा को देखते हुए पहला जीर्णोद्धार स्व राजा यदुनाथ सिंह के कार्यकाल 1908 से 1920 के मध्य में कराया गया था, क्योंकि ज्वांरा-ज्योति को पहाड़ से नीचे विसर्जन के लिए लाने में लोगों को परेशानी होती थी। उसके बाद तीन बार जीर्णोद्धार कराया जा चुका है अब मां का भुवन विशाल आकार ले चुका है। इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर के गर्भ गृह में माता सिंहवाहिनी की दिव्य एवं मनमोहक दक्षिणमुखी प्रतिमा स्थापित है। माता सिंहवाहिनी को सात बहनों में सबसे बड़ी बहन माना जाता है। मां के वाम भाग में पश्चिमाभिमुख माता काली की प्रतिमा स्थापित है। गर्भगृह के बाहर क्रमशः मां दंतेश्वरी, मां विंध्यवासिनी, मां महामाया, मां चंडी, मां शीतला, मां दुर्गा व मां गंगई की प्रतिमा बनी हुई है। इस प्रकार नौ शक्तियों का समन्वित कृपा इस मंदिर में भक्तों का कल्याण कर रही हैं।

### खप्पर परंपरा की शुरुआत सिंहवासिनी मंदिर से हुई थी



माता की महिमा के विषय में बुजुर्गों के बताया कि कवर्धा में खप्पर परंपरा की शुरुआत इसी मंदिर से हुई थी, परंतु कालांतर में इसकी उग्र तेज व ऊर्जा को देखते हुए माता से त्राहिमाम कर बंदकर दिया गया था, फिर पुनः प्रारंभ करने का साहस कोई नहीं कर सका। कुछ बुजुर्गों का कहना है कि पंचमुखी बूढ़ा-महादेव व मां सिंहवाहनी मंदिर समकालीन हैं। मंदिर की विशेष परंपरा अनुसार मंदिर में पूजा कार्य ब्राह्मण और बैरागी नहीं कर सकते केवल ठाकुर और क्षत्रिय ही कर सकते हैं। मंदिर के बाहर प्रवेश द्वार मे दाईं ओर भैरव और बाईं ओर ठाकुर देव हैं। मंदिर के सम्मुख विशाल वट वृक्ष और गस्ती की छांव तले भैरव बाबा का पवित्र स्थान है।

# पंडरिया में 12 अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

- 61 फिट का विशाल काय रावण बनकर तैयार।
- भव्य झाकीं शोभा यात्रा के साथ आतिशबाजी की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी नगर पंचायत पंडरिया में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। जिस की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। नगर विकास समिति एवं समस्त नगरवासियों द्वारा 12 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस दशहरा उत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।



समिति में शामिल व्यवस्थापन एवं जनसेवक आनंद सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पंडरिया नगर में दशहरा उत्सव का आयोजन 12 अक्टूबर को स्थानीय आत्मानंद हाई स्कूल मैदान में किया जाएगा। इससे पूर्व नगर के श्रीराम जानकी मंदिर बैरासिन चौक से भगवान राम दरबार की भव्य झांकी एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो गाजे-बाजे तथा आतिशी धमाकों के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए दशहरा उत्सव स्थल आत्मानंद हाई स्कूल मैदान पहुंचेगी।

जहां रात्रि 8 बजे आकर्षक व मनमोहक आतिशबाजी की जाएगी। तत्पश्चात भगवान श्रीराम द्वारा 61 फीट के रावण का दहन किया जाएगा, आनंद सिंह ने बताया कि समिति द्वारा पंडरिया नगर के जनमानस के सहयोग से इस आयोजन को भव्य बनाने की तैयारियां की जा रही हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि करीब 6 वर्ष पूर्व तक पंडरिया नगर में इस तरह से सार्वजनिक रूप में और भव्य तरीके से दशहरा उत्सव का आयोजन नहीं किया जाता था।

जबकि समूचे जिले में दशहरा उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाता था। निश्चित रूप से दशहरा जैसे बड़े पर्व को पंडरिया नगर में सार्वजनिक रूप से न मनाए जाने का यहां के लोगों को मलाल था। जिसे देखते हुए जनसेवक आनंद सिंह ने ही पहल की और नगरवासियों के साथ स्थानीय व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के सहयोग से करीब दस वर्ष से नगर में बंद दशहरा उत्सव को पुर्नजीवित किया। आनंद सिंह के ही प्रयासों से पंडरिया नगर में विगत 6 वर्षा से दशहरा उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें अब न सिर्फ पंडरिया नगर के बल्कि आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं और देर रात तक इस भव्य आयोजन का आनंद ले रहे हैं।

इसी परिपाटी के तहत इस बार भी नगर विकास समिति एवं समस्त नगरवासियों द्वारा 12 अक्टूबर को पंडरिया नगर में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है, आनंद सिंह ने नगर व क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उपखंड कुण्डा स्वयंसेवकों ने विजयादशमी उत्सव व वृहद पथ संचलन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

ग्राम कुण्डा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन घोष के साथ दिन में 2 बजे से प्राम्भ हुआ। संचलन ग्राम के सभी चौक-चौराहों से जब गुजर रहा था लोगों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया, नगर भ्रमण के पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर कुण्डा मैदान में समापन हुआ। जहां मंचस्थ मुख्यतिथि संतराम चंद्राकर, मुख्यवकत्ता हलधरनाथ योगी व खंड पंडरिया होरीलाल गबेल ने भारत माता व संघ के प्रणेता डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार व गुरुजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया साथ ही शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम के मुख्यतिथि संतराम चंद्राकर ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक भारत माता को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने के लिए हर स्तर पर अच्छा कार्य कर रहें हैं, मुख्य वक्तता हलधरनाथ योगी ने कहा अभी शारदीय नवरात्रि का पर्व चल रहा है मां दुर्गा की पूजा की जा रही है, मां की अष्टभुजा है जो संदेश दे रही है की सभी मिले तो दुष्टों का नाश किया जा सकता। संगठित समाज से राष्ट्र की उन्नति होगी,



भगवान श्रीराम ने वनवास के समय जंगल-जंगल में घूम-घूमकर सभी को संगठित किया और बुराई के पर्याय बन चुके रावण का वध किया, अत्याचारी कितना भी बलवान हो उसे पराजित होता ही है, अत्याचारी रावण नाभि में अमृतकुंड लेकर भी नहीं बच सका। उन्होने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ लगाने और पर्यावरण को बचाने सभी स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें जिससे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था सम्बल होगा साथ ही हम अपने राष्ट्र के प्रति नैतिक कर्तव्यों को ना भूलें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने किया, सभी स्वयंसेवक तन, मन, धन से मां भारती को अर्पित कर राष्ट्र हित में कार्य करते रहे, भारत के लोगों में सदैव वसुधैव कुटुंबकम का भाव रहा है। इस दौरान रघुनंदन गुप्ता, मनहरण बर्वे, नरेन्द्र चन्द्रवंशी, रामखिलावन साहू, विक्की निर्मलकर, उमेंद यादव, दिनेश साहू, फागुराम चंद्राकर, पृथ्वी चौहान, वरिष्ठ नागरिक सुकूतराम चंद्राकर, रामस्वरूप साहू, अजित मक्कड़, इंद्र सोनी, नकुल पांडेय, सुरेश साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थें।

# कोलेगांव में कल दशहरा विजयदशमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष 12 अक्टूबर को असत्य पर सत्य की विजय दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, वहीं दशहरा उत्सव को लेकर ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार दशहरा (विजयादशमी व आयुध-पूजा) हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। अश्विन (क्वार) मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था तथा देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त की थी। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। वहीं ग्राम कोलेगांव में दशहरा पर्व विजयदशमी की तैयारियों ग्रामीणो व समितियों द्वारा मैदान को ग्राम कोलेगांव वासियों द्वारा रावण बनाने की तैयारियों जोर-शोर से किया जा रहा है। ग्राम कोलेगांव में दशहरा उत्सव की तैयारी व भगवान श्रीराम-रावण का वध व भव्य झांकी का आयोजन किया जाएगा।

### साहित्य संगोष्ठी में विचार विमर्श के बाद कवियों ने पढ़ीं श्रेष्ठ कविता

**हरिभूमि कवर्धा।** वनमाली सृजन केन्द्र और पाठक मंच की संयुक्त बैठक और कवि गोष्ठी बुधवार की शाम को सर्किट हाउस के अशोक हॉल में संपन्न हुई। बैठक में जिले में साहित्यिक आयोजनों एवं साहित्य संस्कृति के उन्नयन जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श किया गया। अजय चन्द्रवंशी और राजाराम हलवाई ने सुझाव दिया कि मुक्तिबोध पर केन्द्रित एक संगोष्ठी आयोजित की जानी चाहिए, जिसमें मुक्तिबोध के कृतित्व और व्यक्तित्व की विशद व्याख्या करने वाले वक्ताओं को आमंत्रित किया जाए। समयलाल विवेक ने सुझाव दिया कि हर माह गोष्ठी की तिथि निर्धारित कर एकल कवितापाठ के लिए राज्य के श्रेष्ठ कवियों को बुलाया जाए। नीरज मनजीत ने कहा कि निश्चय ही अगले महीनों में व्यवहारिक रूप से ऐसे आयोजन किए जाएंगे। कविता पाठ के सत्र में समयलाल विवेक ने यथार्थवादी स्वर में मां पर केंद्रित कविता के अलावा शोषक तंत्र की शिनाख्त करते हुए कविताएँ पढ़ीं। नरेन्द्र कुलमित्र ने कविताओं में अपने लिए थोड़ी सी ज़मीन थोड़े से आसमान की कामना करते हुए सामान्य जन की पीड़ा को व्यक्त किया। सात्विक श्रीवास्तव ने नवरात्रि पर्व पर नारी की महिमा और मध्यवर्गीय विडंबना को कविताओं में ढला।

### माता का दर्शन करने दूर दराज से पहुंच रहे भक्तजन

# मां महामाया मंदिर में 118 अखंड ज्योति प्रज्जवलित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर देश भर में मां दुर्गा पूजा व ज्वारा-ज्योति मनोकामना कलश प्रज्जवलित कर धूमधाम से शारदीय नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है। वहीं ग्राम कुण्डा स्थित प्राचीनतम मां महामाया मंदिर प्रांगण में आस्था व मनोकामना के लिए भक्तजनों व श्रद्धालुओं द्वारा 117 ज्योत व 1 अखण्ड ज्योत ज्वारा कलश प्रज्जवित किए है। धर्म नगरी कुण्डा के प्राचीन आदि शक्ति मां महामाया मंदिर में विगत 17 वर्षो से अखण्ड ज्योति ज्वारा प्रज्जवलित है वही शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं द्वारा 117 मनोकामना ज्योति कलश सरपंच महेश्वर साहू व परिवार द्वारा कलश स्थापना की गई है। शारदीय नवरात्रि में धर्म नगरी कुण्डा में सभी जगह मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। वहीं मां महामाया में के मुख्य पुजारी पं नूतन शर्मा, पंडा बाबू चंद्राकर, भूपेश्वर साहू, सरोज चंद्राकर व दिनेश चंद्राकर सेवा दे रहें है।

### दर्शन के लिए उमड़ रही भक्तो की भारी भीड़

धर्मनगरी कुण्डा में नौ दिनों तक मां दुर्गा उत्सव महोत्सव व मां दुर्गा पंडालों में भव्य आरती व श्रद्धालु तथा भक्तगणों की भारी भीड़ उमड़ रही है, शाम होते ही मातारानी की दर्शन के लिए साथ ही साथ मां की विधिध प्रकार की झांकिया व मां देवी जागरण अनवरत आयोजित की जा रही है। शक्ति मां महामाया मंदिर, दुर्गा, हरि मंदिर, दुर्गा मंदिर पारधी सहित अन्य मंदिरों में भक्तो की भारी भीड़ देखी जा रही है।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**अनदेखी:** पंडरिया क्षेत्र का जंगल भगवान भरोसे, लकड़ी तथा वन संपदा तस्करों का राज

# मुख्यालय में नहीं रहने वाले कर्मचारियों पर कब होगी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवागोड़ान

वन परिक्षेत्र पंडरिया में चल रहा जंगलराज बदस्तूर चल रहा है। प्रदेश में भले ही सरकार बदल गई और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी बदले लेकिन जंगल महकमे का रवैया नहीं बदला।

गौरतलब है कि अवैध वन विनाश और वनभूमि पर अवैध अतिक्रमण को लेकर वर्षों से पंडरिया वन परिक्षेत्र हमेशा से सुर्खियों में रहा है। इलाके के बदौरा, रहमानकापा, नरसिंहपुर और कोदवागोडान के जंगलों में जहां देखते ही देखते सैकड़ों हेक्टेयर में लगे सागौन रोपणी के अलावा हरे भरे जंगलों को अपात्र लोगों के द्वारा अवैध रूप से काट कर खेत बना दिए गए और बस्तियां बसा दी गई वहीं, इस बीच जंगल में चल रहे जंगलराज को लेकर अंचल के पर्यावरण प्रेमियों के अलावा इलेक्ट्रानिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से लगातार आवाज उठाई जाती रहीं लेकिन नतीजा सिफर रहा।

वनविभाग और वनविनास का सिरमौर वनविकास निगम का अमला सिर्फ और सिर्फ कागजी खानापूर्ति करने की औपचारिकता निभाता रहा।







## वनअधिकार अधिनियम के विरुद्ध बांटे गए पट्टे

मिली जानकारी के अनुसार वनभूमि पर सन 2005 के पूर्व काबिज हितग्राहियों को ही वनअधिकार पट्टा दिए जाने का नियम है किंतु यहां अधिकांश पट्टे सर्वथा अयोग्य और अपात्र लोगों को दे दिए गए हैं !रहमानकापा से लेकर बदौरा और नरसिंहपुर के जामुनपानी स्थित कुछ वनक्षेत्रों में जहां सन 2010 के बाद तक सागौन रोपणी के हरे भरे जंगल दिखाई दे रहे थे उन्हें सफाचट कर न केवल खेत मकान बना दिए गए बल्कि इनके अपात्र वन विनाशकों को वनअधिकार पट्टे भी दे दिए गए। इसे विडंबना ही कहें कि पूर्ववर्ती सरकार में प्रदेश के वनमंत्री रहे मो अकबर के निर्वाचन जिले में जहां उनकी मर्जी के खिलाफ एक पत्ता भी नहीं हिलता था वहां ये सब होता रहा और वन विभाग में चल रहे भ्रष्ट्राचार और अनियमितताओं की तमाम शिकवा शिकायतों के बावजूद न तो कोई जांच हुई और न ही कोई ठोस कार्यवाही।

## मुख्यालय से गायब वन अमला

पंडरिया रेंज के जंगलों की सुरक्षा और देखरेख के लिए पदस्थ किए गए अधिकांश वनकर्मी अपने मुख्यालय में नहीं रहते और केवल यदाकदा आकर अपने दायित्व की औपचारिकता निभाते हैं यहां बताना लाजिमी होगा कि जंगलों की अवैध कटाई से लेकर वन भूमि पर अतिक्रमण के अलावा रेत, गिट्टी व मुरूम के अवैध उत्खनन होने का मूल कारण वन कर्मियों की अपने मुख्यालय में नहीं रहना ही है।

## फेंसिंग तार भी बेच दिए जाते हैं

बताया जाता है कि वृक्षारोपणी क्षेत्र की सुरक्षा के नाम पर लाखों के बजट से कंटीले फेंसिंग तार और सीमेंट के पोल मंगाए जाते हैं किंतु जंगलों में कहीं भी न तो तार दिखाई देते हैं और न ही सीमेंट के खंभे!सवाल उठता है कि आखिर तार और खंभे कहां गायब हो जाते हैं सूत्रों के अनुसार इन्हें भी बेच दिया जाता है? विभाग की ओर से ऐसे गैर जिम्मेदार कर्मियों पर उचित कार्यवाही नहीं किए जाने पर अंचल के जागरूक लोगों और मीडिया की ओर से आने वाले समय में ऐसे भ्रष्ट और मुख्यालय में नहीं रहने वाले वनकर्मियों के साथ ही वर्षों से एक ही स्थान पर डटे कर्मचारियों की सूची तैयार कर इनके कार्यकाल की जांच कर कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर उच्च स्तरीय शिकायत की जाने की तैयारी है. पूर्व जनपद सदस्य डोमन मरकाम,मझोली रवन के सरपंच झंगल सिंह, पंडरिया के युवा सामाजिक कार्यकर्ता रघुनंदन पाठक, वरिष्ठ नागरिक जितेन्द्र शर्मा, पूर्व सरपंच राजेंद्र साहू सहित क्षेत्र के वरिष्ठ पर्यावरण प्रेमियों ने वनविभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से गैर जिम्मेदार कर्मियों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अमले को चुस्त दुरुस्त करने की मांग की है।

# कामठी के शिव मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा की डिप्टी सीएम ने की पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधानसभा के ग्राम कामठी शिव मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा पूजा में शामिल होने पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया और समस्त ग्रामवासियों के सुख समृद्धि की कामना की।

गौरतलब है कि नवरात्र के दौरान ग्राम कामठी में मूर्ति स्थापना को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद सामने आया था। इस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कोई विवाद की स्थिति नही है। आज परिसर में सभी मंदिरों में जाकर हमने पूजा अर्चना की है। कैसे कोई किसी को पूजा करने से रोक सकता है यदि रोका जाता है तो यह गैर कानूनी है। गांव में सभी समाज के लोग मिलजुलकर अपनी पूजा अर्चना करते रहे है। कुछ ऐसे लोग विगत वर्षो में क्षेत्र में सक्रिय रहे है जो समाज में मतभेद पैदा कर दूसरी दिशा में ले जाना चाहते थे। आज गांव में सभी वर्गों के समाज प्रमुख, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष, विकास मरकाम अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष,केंद्रीय प्रतिनिधि व पंडरिया राज परिवार के उपस्थिति में सभी मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की गई है। उन्होने कहा कि मंदिरों में नाम बदलने की प्रक्रिया हुई है तो यह भी गलत है मंदिर में सबको पूजा अर्चना करने का अधिकार है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि ये विरोध करने वाले वही लोग है जो लोगों को राष्ट्र विरोध और फिर धर्म विरोध की दिशा में ले जाने का प्रयास करते है। इस तरह लोगों को गलत दिशा में ले जाने का सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में तनाव बनाने का प्रयास उचित नही है। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासन अपना काम करेगा किसी को भी किसी कीपूजा रोकने का अधिकार नहीं है। इस अवसर पर विधायक पंडरिया भावना बोहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, महामंत्री संतोष पटेल, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### उपमुख्यमंत्री शर्मा आज आएंगे सुतियापाट

**कवर्धा।** विकासखण्ड स. लोहारा के कर्रानाला बांध एवं सुतियापाट बांध के मध्य ऊंची पहाड़ी पर विराजमान हिंगलाज माता के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के उप मुख्य मंत्री, गृहमंत्री विजय शर्मा 11 अक्टूबर 2024 को सुबह 11 बजे हिंगलाज माता के दर्शन के लिए सुतियापाट मंदिर आ रहे हैं। सुतियापाट समिति के अध्यक्ष बालुराम जंघेल ने बताया कि गृहमंत्री सुतियापाट पहाड़ी की गुफा के मुख्य द्वार के समीप विराजमान हिंगलाज माता के दर्शन पश्चात सुतियापाट पहाड़ी के नीचे स्थित गौशाला पहुंचकर गौ माता का दर्शन करेंगे।

### ओबीसी महासभा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा।** ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम ओबीसी के निर्देश में ओबीसी के आरक्षण और मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग भारत सरकार दिल्ली, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री भारत सरकार दिल्ली, महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से घनश्याम साहू, आनंद साहू ,अजय चंद्राकर, जिला अध्यक्ष बालाराम, आदि उपस्थित थे।

# सीएचसी बोड़ला में गर्भवती महिलाओं के लिए कुर्सी तक नहीं

## अस्पताल प्रशासन बेपरवाह, महिलाओं में असंतोष



- हर महिने जांच कराने पहुंचती अंचल की गर्भवती महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶बोड़ला

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को हर महीने के 9 वें दिन प्रसव पूर्व देखभाल सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को दी गई है।

जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में यह अभियान संचालित तो किया जा रहा है लेकिन स्वास्थ्य केन्द्रों में अपनी जांच कराने पहुंच रही गर्भवती महिलाओं को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही है जिससे उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसी ही बुनियादी समस्याओं से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं को जूझना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केनद्र बोड़ला में हर महिने के 9 वें दिन बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं अपनी नियमित जांच कराने पहुंचती है।

लेकिन दूरदराज से आने वाली इन गर्भवती महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में बैठने तक की सुविधा नहीं मिलती। हालांकि स्वास्थ्य केन्द्र में गिनती की कुछ कुर्सियां रखी गई है लेकिन जिस संख्या में महिलाएं यहां पहुंचती है उसके लिहाज से ये नकाफी हैं। ऐसी स्थिति में इन गर्भवती तथा शिशुवति महिलाओं को घंटों अपनी बारी के इंतजार में खड़े रहना पड़ता है जो इनके लिए बेहद परेशानी वाला और कठिन कार्य है। वहीं इस अव्यवस्था से महिलाओं में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति असंतोष भी देखने को मिलता है। मजबूरन महिलाओं को यहां वहां जमीन पर बैठने जगह तलाशनी पड़ती है। इस माह भी 9 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में बड़ी संख्या में गर्भवति महिलाएं अपनी जांच कराने पहुंची थी लेकिन इस बार भी उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वहीं जब इस संबंध में बीएमओ विवेक चंद्रवंशी से संपर्क किया गया तो उन्होने अस्पताल में कुर्सी भिजवाने की बात कहकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी। लेकिन सवाल यह उठता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में हर महिने इस अभियान के तहत गर्भपति महिलाओं की जांच होती है और बड़ी संख्या में महिलाएं यहां पहुंचती है, इस बात से अस्पताल प्रशासन भी बाकिफ है बावजूद महिलाओं के लिए बैठक व्यवस्था नहीं किया जाना अस्पताल प्रशासन की गैरजिम्मेदारी का दर्शाता है।

### फंड का नहीं किया जा रहा सही उपयोग?

यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश सरकार और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा कवर्धा विधायक विजय शर्मा लगातार जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्थ करने प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए फंड भी स्वीकृत करा रहे हैं लेकिन ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य विभाग इस फंड का सही उपयोग नहीं कर रहा है। यही वजह है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला में गर्भवती महिलाओं को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही है।

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों ने मूल काम के अतिरिक्त काम का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश के 5200 उप स्वास्थ्य केंद्रों में काम करने वाले ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों ने अब अपने मूल कार्य के अतिरिक्त विभाग द्वारा सौंपे गए ऑनलाइन डाटा एंट्री कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया है और उन्होने इस संबंध में विभाग को ज्ञापन सौंपकर ऑन लाईन डाटा एण्ट्री कार्य से पृथक किए जाने की मांग की है। इस संबंध में जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों ने बताया कि उनका मूलतः काम महामारी नियंत्रण, ओपीडी, प्रसव, टीकाकरण, टीबी, मलेरिया, अन्धत्व कार्यक्रम के साथ विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन करना है किन्तु विभाग द्वारा उनसे मूल कार्य के अतिरिक्त कई ऑनलाइन डाटा एण्ट्री जैसे अनमोल एप, आईडीएसपी, सी-बैक, यूवीन, आयुष्मान कार्ड, सिकलीन एंट्री कार्य कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक नर्सिंग क्लीनिकल कार्य के लिए प्रशिक्षित है ग्रामीण शहरी क्षेत्रो में स्वास्थ्य सबंधी सेवाएं एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को आम जनता तक पहुचाने का कार्य करते है, किन्तु विभाग द्वारा अन्य संवर्ग का डाटा एंट्री कार्य कराने से मूल कार्य प्रभावित हो रहा है साथ ही अतिरिक्त कार्य के वजह से कर्मचारियों को शाररिक, मानसिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है। संघ के जिला अध्यक्ष गोलु सोनवानी ने बताया कि स्वास्थ्य संयोजक संवर्ग कर्मचारी भर्ती एवं नियुक्ति नियम अनुसार ऑनलाइन डाटा एंट्री करने तकनीकी कम्प्यूटर ज्ञान नही मांगा गया है और ना ही इस प्रकार के कार्य पूर्व में लिया जाता था। वर्तमान में स्वास्थ्य संयोजक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ रिकार्ड, रजिस्टर एंट्री के साथ ही सभी कार्य को ऑनलाइन डाटा एंट्री करने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है जिसके कारण स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी अपने कार्यालयीन समय में स्वास्थ्य सेवाएं देने के पश्चात दबावपूर्वक स्वयं के व्यय से मोबाइल कम्प्यूटर में ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य कर रहे है। देररात तक कार्य करने की वजह से कर्मचारी परिवार को समय नही दे पा रहे है साथ ही गैर प्रशिक्षिकिय और अतिरिक्त कार्य करने से कर्मचारियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। उन्होने विभाग को ज्ञापन सौंपकर उन्हें डाटा एण्ट्री कार्य से तत्काल प्रथम किए जाने की मांग की तथा मांग पूरी नहीं होने पर हड़ताल पर जाने का अल्टीमेटम दिया है।

## एसोसिएशन ने डीएमसी से की मुलाकात



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक अर्थात डीएमसी नकुल पनागर से मुलाकात कर जिले के शैक्षणिक स्थिति, शालाओं का अवलोकन, संकुल शैक्षिक समन्वयकों के समस्याओं, विभिन्न कारणों से समन्वयकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा किया। इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, एपीसी राकेश चन्द्रवंशी, एपीसी राजू चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, वकील बेग मिर्जा, राजकिरण चन्द्रवंशी, रामसिंह साहू, उमेश चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, जयप्रकाश चन्द्रवंशी, सौखिलाल माहिले, अकाउंटेंट रामकुमार वर्मा, विनोद ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## पूर्व आचार्य सम्मेलन का आयोजन



**स लोहारा।** नगर पंचायत स. लोहारा में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व आचार्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व आचार्यों को आमंत्रित किया गया था। आचार्य सम्मेलन में विद्यालय समिति के अध्यक्ष संजय जायसवाल,उपाध्यक्ष प्रमोद चंद चोपड़ा, व्यवस्थापक द्वारिका राम साहू, पूर्व व्यवस्थापक संजय पांडेय एवं समिति सदस्य सीताराम धुर्वे, भागवत पटेल, बीरे लाल, डाकेश्वर डडसेना सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मनोरंजन की दृष्टि से कुछ खेलों के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात मां भारती, प्रणव अक्षर ऊँ और मां सरस्वती की पूजन अर्चना करने के साथ किया गया। पूजन पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर के पूर्व आचार्यों को अपने-अपने अनुभव सांझा करने का अवसर दिया गया, जिसमें सभी आचार्य एवं दीदियों ने अपने-अपने अनुभव सांझा किए। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के प्रारंभिक दौर के समय के संघर्ष और उस समय की परिवार भाव और बच्चों के साथ उनका लगाव को व्यक्त किया गया। आचार्यो ने बताया कि उन्होने इस विद्यालय से बहुत सी जीवन की सीख प्राप्त की है और उसकी ज्ञान, चरित्र और संस्कार को अपने जीवन में उतार रहे हैं। अंत में संस्था प्रमुख के उद्बोधन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

**महिला एवं बाल विकास विभाग के नवरात्रि पर आयोजित कर रहा कार्यक्रम**

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आज कन्या पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नवरात्रि के आठवे दिवस पर बालिकाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा, बचाव एवं सशक्तिकरण के बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत जिले में 11 अक्टूबर शुक्रवार समय सुबह 11.30 को वीर सावरकर भवन में कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन किया गया है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना आज के समय की तत्कालीन जरुरत है क्योकि देश एवं समाज में बालिकाओं की रक्षाए शिक्षा और सशक्तिकरण के बिनाए विकास की किसी भी कीमत पर संभव नही है। महिलाएं देश की लगभग आधी जनसंख्या को अधिकृत करती है, इसलिए उनकी रक्षाए शिक्षा और सशक्तिकरण की नितांत आवश्यकता है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना बालिकाओं के उत्थान के लिये महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना तभी सफल हो सकती है जब ये हमारे द्वारा समर्थित हों। बिटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। चैत्र नवरात्रि हो या शारदीय नवरात्रि हिंदु धर्म में कन्या पूजन का अपना एक विशेष महत्व है। महिला एवं बाल विकास विभाग कवर्धा द्वारा कन्या पूजन एवं भोज का मुख्य उद्देश्य बालिकाओ को माता दुर्गा के नौ रुपों में पूजन कर लोगो के मध्य बालिका के प्रति सम्मान में वृद्धि, सुरक्षा, बचाव एवं सशक्तिकरण के बढ़ावा देना है। महिला एवं बाल विकास विभाग कन्या पूजन एवं भोज कार्यक्रम में अधिक से अधिक बालिकाओं को सम्मिलित होने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा-बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरुआत किया गया है। मिशन शक्ति अंतर्गत महिलाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा-बचाव के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) योजना 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से शुरू हुआ था। कबीरधाम जिले की बालिकाओं को भी बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग कबीरधाम द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत पूर्व में बालिकाओं की सुरक्षा एवं बचाव के लिए 05 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय राजमाता विजियाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा की बालिकाओं एवं आकांक्षीय विकासखंड बोड़ला के शासकीय महाविद्यालय में 05 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 800 बालिकाओं ने आत्मरक्षा शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया था।



फाईल फोटो

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा आज करेंगे बहुप्रतिक्षित हाई-टेक बस स्टैण्ड सड़क मार्ग का भूमिपूजन

- सड़क बनने से शहरवासियों को मिलेगी सुलभ आवागमन की सुविधा : चन्द्रप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



कांग्रेस शासनकाल में पूरे पांच साल थमा रहा नगर तथा कबीरधाम जिले का विकास अब प्रदेश में भाजपा की सरकार आते ही एक बार फिर विकास की गति पकड़ने लगा है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा नगर को विकास की एक बड़ी सौगात देते हुए नगर के ठाकुर देव चौक से हाई-टेक बस स्टैण्ड होते हुए जुनवानी चौक तक 11 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। उक्त जानकारी चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी अध्यक्ष शहर मण्डल भाजपा ने जारी प्रेस विज्ञप्ती में दी। उन्होने बताया कि इस बहुप्रतिक्षित मांग के पूरा होने से नगरवासियों में भारी खुशी देखी जा रही है। श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि कवर्धा नगर में लगातार बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने और लोगों की समस्याओं को देखते हुए वर्ष 2016-17 में तात्कालिक भाजपा सरकार द्वारा करीब 969.51 लाख रूपए की लागत से हाई-टेक बस स्टैण्ड का निर्माण कराया गया था।

जिसे कांग्रेस अपने पूरे पांच साल में न तो प्रारंभ करा पाई और न ही कवर्धा शहर से लेकर नवीन बस स्टैण्ड तक सुलभ व सुगम आवागमन के लिए मार्ग का निर्माण कराया गया। लेकिन प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनने के बाद कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा नगर तथा जिले के समुचित विकास की दिशा में लगातार कार्य करते हुए अब इस अपूर्ण कार्य को भी पूर्ण करने में जुट गए है। चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने बताया कि इसी कड़ी में विजय शर्मा द्वारा 11 अक्टूबर को शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग ठाकुर देव चौक से हाई-टेक बस स्टैण्ड होते हुए जुनवानी चौक तक नवीन सड़क मार्ग का भूमिपूजन करेंगे। उन्होने बताया कि इस भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, मोतीराम चन्द्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, नगर पालिका अध्यक्ष मनकरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी दिनेश चन्द्रवंशी तथा चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी अध्यक्ष भाजपा शहर मण्डल उपस्थित रहेंगे।

### क्षेत्र का विकास विष्णुदेव सरकार की पहली प्राथमिकता

# विजय शर्मा ने चिल्फी, रेंगाखार, साल्हेवारा सड़क उन्नयन कार्य का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वनांचल क्षेत्र के निवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए गुरूवार को चिल्फी, रेंगाखार व साल्हेवारा मुख्य जिला मार्ग सड़क का नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के विशेष प्रयासों से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहली बजट में इस सड़क के लिए 9 करोड़ 65 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

चिल्फी रेंगाखार, साल्हेवारा मुख्य जिला मार्ग सड़क का नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य होने से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी। इसके निर्माण से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जो क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो रही है और इससे क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार होने की संभावना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया, उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि सरकार ने विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को प्राथमिकता दी है, जो न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूत करेंगी, बल्कि स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाएंगी। उन्होंने कहा कि आपकी मांग, शिकायत और समस्याओं को सुनते हुए हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिससे विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम धुर्वे, संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी सहित क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**साय सरकार लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही**



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने चिल्फी, रेंगाखार व साल्हेवारा मुख्य जिला मार्ग सड़क के नवीनीकरण और उन्नयन कार्य का भूमि पूजन करते हुए कहा कि रोड़ के उन्नयन कार्य से वनांचल क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा इस सड़क का उन्नयन क्षेत्र के निवासियों के लिए न केवल यात्रा को सुरक्षित बनाएगा, बल्कि इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इसे प्राथमिकता के साथ पूरा करने का संकल्प लिया है। उपमुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस सड़क के निर्माण से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साय सरकार लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है।

# अभ्युदय स्कूल में आर्ट इंटीग्रेशन पर रोचक कार्यशाला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृत संकल्पित नगर के कोलाहल से दूर संस्कारक्षम वातावरण में स्थित अभ्युदय स्कूल में सोमवार को सी्बीएसईके तत्वाधान में आर्ट इंटीग्रेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। सीबीएससी द्वारा नियुक्त माया मिश्रा उपप्राचार्या कृष्णा पब्लिक स्कूल व संदीप व्यास, एमकॉम अर्थशास्त्र अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक एनएच गोयल स्कूल रायपुर के मार्गदर्शन व संचालन में उक्त कार्यशाला संपन्न कराया गया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि नगर के जिला शिक्षा अधिकारी योगेन्द्र साहू, विशिष्ट अतिथि रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा, होली किंगडम स्कूल कवर्धा और गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा के प्राचार्यगण रहे। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक लगाकर किया गया और विद्यालय के उच्चतर माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर आगंतुकों का अभिवादन किया गया। तदुपरान्त आर्ट इंटीग्रेशन पर क्रियाकलाप सहित बहुत सूक्ष्म तथ्यों के साथ आर्ट के प्रत्येक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उसके महत्व, विशेषताएं व आवश्यकता और वर्तमान में प्रासंगकिता को परिभाषित कर उक्त कार्यशाला का शानदार आगाज किया गया। उक्त विषय में बताया गया कि कला एकीकरण एक गतिशील शिक्षण दृष्टिकोण है जो कलात्मक प्रक्रियाओं को शिक्षाविदों के साथ जोड़ता है। जिसका उद्देश्य कला को उनके पाठ्यक्रम में सहज रूप से शामिल करने के लिए आवश्यक उपकरणों और रणनीतियों से लैस करना है, जिससे विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और गहरी समझ को बढ़ावा मिले।जिसमें मेजबान विद्यालय के साथ नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल, आरपीएस पब्लिक स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, होली किंग्डम पब्लिक स्कूल के साथ डीएवी मुख्यमंत्री आवासीय विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने कार्यशाला में हिस्सा लिया। उक्त कार्यशाला का उद्देश्य शैक्षणिक कार्यविधि में आर्ट इंटीग्रेशन एवं शैक्षणिक शैली के साथ दैनिक जीवन के गतिविधियों में संबंधित विषय पर सकारात्मक पक्ष के साथ क्रियान्वयन पर बल देना रहा। श्रीमती माया मिश्रा एवं संदीप व्यास ने बहुत ही आकर्षक ढंग से आर्ट इंटीग्रेशन के विषय में स्वानुशासन को महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बताया साथ ही विभिन्न कलात्मक विषयों दृश्य कला, संगीत, नाटक और नृत्य और कक्षा में उनके अनुप्रयोगों की खोज करने में आर्ट इंटीग्रेशन के रहस्य को बताया। जिससे पाठ योजनाओं को विकसित करने में भी मदद करती है जो कला को मुख्य विषयों के साथ प्रभावी रूप से एकीकृत करने भी मदद करती हैं।कार्यशाला का मुख्य एजेंडा सीखने में रचनात्मकता के महत्व को समझना कला एकीकरण लाभों पर शोध करना था।




**खबर संक्षेप**

## केंद्र सरकार ने गरीबों को मुफ्त अनाज की योजना चार साल बढ़ाई

**कवर्धा।** केंद्र सरकार ने गरीबों को मुफ़्त अनाज वितरण की योजना को चार साल और बढ़ा दिया है। यानी ग़रीबों को 2028 तक मुफ़्त अनाज मिलता रहेगा। इसको लेकर राजनांदगाँव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। सांसद श्री पांडेय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को मुफ्त अनाज वितरण को 4 साल तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी।

# स्वयंभू जालेश्वर महादेव व सुरुजपुरा में राजोदाई मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले की सदानीरा फोंक नदी दैवी शक्तियों की आश्रय स्थल बनी हुई है। ग्राम डोंगरिया में स्वयंभू जालेश्वर महादेव और सुरुजपुरा में राजोदाई का मंदिर इसका प्रमाण हैं। जो भी श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दर्शन कर चुके हैं उन्हें ज्ञात होगा कि माता पिंडी स्वरूप में हैं इसी प्रकार सबकी मनोकामना पूर्ण करने वाली राजो दाई भी पिंडी स्वरूप में हैं। इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि राजो दाई की कथा जैसा सुरुजपुरा निवासी देवसिंह जायसवाल ने बताया वर्षों पहले की बात है कि गांव की महिला जो कि जुठेल कलार की वंशज थी वह स्नान करने नदी में गई हुई थी, स्नान के पश्चात घर के लिए चलने को हुई तो घाट पर ही ठीक माता वैष्णो देवी की तरह 10 वर्षीय बालिका जिसके मुख पर दिव्य ओज था, मधुर मुस्कान लिए उनके सम्मुख आ खड़ी हुई। उस अद्भुत दिव्य बालिका को देखकर वह अवाक रह गई तभी एक मधुर आवाज से उनका ध्यान भंग हुआ, वह कह रही थी कि राजो दाई मुझे ग्राम में स्थापित करो मैं आप लोगों के ऊपर जब भी कोई संकट आएगी तो उसे दूर करूंगी। इसके लिए मुझे कांस की मलिया (छोटी थाली) चांदी का सिक्का, काला कपड़ा, काली साड़ी, काली चूड़ी खैरी बकरी का दूधऔर बली के नाम पर नारियल भेंट करना होगा। वह दिव्य बालिका महिला के पीछे-पीछे आ गई और वर्तमान स्थान पर बैठ गई। महिला अपने परिवार के सदस्यों को घर से बुलाकर लायी तब वहां पर पिंडी बनी हुई दिखाई पड़ी, तब उन लोगों ने पूजा-पाठ कर यहां पर छोटी झोपड़ी बनाई और पूजा प्रारम्भ की। बाद में खपरैल युक्त मकान बना दिया गया, ऐसा मकान प्रायः गांवों में माता देवालय की पूजा के लिए होते हैं। तब का खपरैल वाला झोपड़ीनुमा मकान आज भव्य मंदिर का रूप ले चुका है। वर्तमान पूर्वाभिमुख भव्य मंदिर और आकर्षक सिंहद्वार 10 वर्ष पूर्व बनवाया गया है। इस मंदिर में तीन परिक्रमा पथ है प्रथम परिक्रमा पथ मंदिर के गर्भगृह में द्वितीय परिक्रमा पथ गर्भगृह के बाहर और तृतीय परिक्रमा पथ मंदिर के बाहर है। मंदिर में नवरात्र पक्ष में ज्योति प्रज्जवलित की जाती है। इस मंदिर में 10 वर्ष तक की कुआंरी कन्याओं को प्रवेश की अनुमति है। राजोदाई मंदिर के गर्भगृह में केरल राज्य की सबरीमाला मंदिर की तरह महिलाओं का प्रवेश वर्जित है लेकिन गर्भगृह के प्रवेशद्वार से दर्शन कर सकते हैं।

